# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-11 | अंक-352 | शुक्रवार, 26 जनवरी 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



नीतीश-लालू के रिश्तों में खटास के संकेत, सियासी तापमान बढ़ा 11

प्रशांत कुमार व मंजिल सैनी को वीरता पदक 11


## बधाई



**'कैनविज टाइम्स'**

की ओर से गणतंत्र दिवस की सभी देश और प्रदेशवासियों सहित सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक बधाई।

**राकेश कुमार पाण्डेय**
**चेयरमैन/प्रधान संपादक**

## सूचना

गणतंत्र दिवस पर कैनविज टाइम्स कार्यालय में 26 जनवरी 2024 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 28 जनवरी 2024 को प्रकाशित होगा।

\- संपादक

### शाहजहांपुर में कंटेनर और टेंपो में टक्कर, 12 मरे

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर के अल्लाहगंज क्षेत्र में बृहस्पतिवार को घने कोहरे के बीच श्रद्धालुओं से भरे टेंपो और कंटेनर की भिड़ंत में 12 लोगों की मौत हो गई। सभी लोग फर्रुखाबाद स्थित पांचाल घाट पर गंगा स्नान करने जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना ने बताया कि थाना मदनापुर क्षेत्र के दमगढा गांव निवासी सुरेश कश्यप का अपना ऑटो रिक्शा है।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाना लक्ष्य : मोदी

एजेंसी

बुलंदशहर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करना है और इसके लिये सभी को मिल कर काम करना होगा।

बुलंदशहर और मेरठ मंडल को 20 हजार 700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देने के बाद पुलिस शूटिंग रेंज मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न होने के बाद अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमें देव से देश और राम से राष्ट्र के मार्ग को और प्रशस्त करना है। हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और लक्ष्य बड़ा हो तो उसके लिए हर साधन जुटाना होता है, सबको मिल करके प्रयास करना पड़ता है। विकसित भारत का निर्माण भी यूपी के तेज विकास के बिना संभव नहीं है। इसके लिए हमें खेत-खलिहान से लेकर ज्ञान-विज्ञान, उद्योग-उद्यम तक हर शक्ति को जगाना है।

उन्होने कहा कि आज पश्चिमी यूपी को विकास के लिए 19 हज़ार करोड़ रुपए से



- प्रधानमंत्री ने उप्र के बुलंदशहर में कहा–मोदी चुनाव का नहीं, विकास का बिगुल फूंकता है
- रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब राष्ट्र प्रतिष्ठा का काम करना है
- कल्याण सिंह ने अपना जीवन रामकाज और राष्ट्रकाज के लिए समर्पित किया
- विकसित भारत का निर्माण उत्तर प्रदेश के तेज विकास के बिना संभव नहीं

अधिक के प्रोजेक्ट भी मिले हैं। ये प्रोजेक्ट्स रेल लाइन, हाईवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवेज, मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक शहर से जुड़े हुए हैं। आज यमुना और राम गंगा की स्वच्छता से जुड़े प्रोजेक्ट्स का भी लोकार्पण हुआ है।

इस क्षेत्र ने तो देश को श्री कल्याण सिंह जैसा सपूत दिया है, जिन्होंने रामकाज और राष्ट्रकाज, दोनों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज वो जहां हैं, अयोध्या धाम को देखकर बहुत आनंदित हो रहे होंगे। ये हमारा


● शेष पेज 11 पर


### बड़े बहुमत के साथ बनेगी मोदी सरकार: योगी


**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) न सिर्फ जीत की हैट्रिक पूरी करेगा बल्कि 2014 और 2019 के मुकाबले इस बार और विशाल बहुमत हासिल होगा। उन्होंने बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बुलंदशहर एवं मेरठ जिलों में 20,700 करोड़ से अधिक की 46 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुये कहा कि बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके हमें विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए जुटना है। इसी संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए ये जनता जनार्दन यहां आपका मार्गदर्शन प्राप्त कर रही है। कुछ दिनों के बाद जब देश में आम चुनाव होंगे, तो ये ही जनता जनार्दन आपके साथ फिर से खड़ी होकर फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प को दोहराएगी। उन्होने कहा आपके नेतृत्व में तीसरी बार फिर से देश के अंदर 2014, 2019 से भी बड़े बहुमत के साथ सरकार बनेगी। इस अवसर पर योगी ने प्रधानमंत्री को भगवान श्रीराम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। वहीं ओडीओपी के अंतर्गत राम मंदिर के उकेरे गए चित्र वाली खुर्ज़ा की सेरेमिक ट्रे भी भेंट की। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों 500 वर्षों के इंतजार को समाप्त करके अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला के भव्य मंदिर का उद्घाटन और श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत पहला दौरा भी उत्तर प्रदेश की धरती बलुंदशहर में हो रहा है। यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री का आशीर्वाद और सानिध्य मिल रहा है। उत्तर प्रदेश आज देश के अंदर विकास की प्रक्रिया के साथ तेजी से आगे बढ़ता हुआ राज्य है। ये सब प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व के कारण है। मुख्यमंत्री ने कहा मौसम की विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए श्री मोदी दिल्ली से सड़क मार्ग से यहां


● शेष पेज 11 पर



समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कुलदीप मिश्र
प्रबंधक
पता: लौव्वा टेपरा, बेलसर रोड, गोण्डा
मो0 9838695203



-:हमारे संस्थान:-

श्री मेंहदीपुर बालीजी भारत गैस सर्विस
कृषि सेवा केन्द्र
अर्थरिस्ट फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड
श्री बालाजी कन्स्ट्रक्शन
एचीवर्स फार्मर फाउन्डेशन
भारतमेज प्रोड्यूसर फाउन्डेशन

नोट : कृषि सेवा केंद्र पर किसानों को खाद, बीज,दवा आदि के होलसेल विक्रेता बेलसर रोड गोंडा








75वां गणतंत्र दिवस
(26 जनवरी, 2024)

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पूरा देश आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में **'एक भारत श्रेष्ठ भारत'** के संकल्प की सिद्धि के लिए कृतसंकल्पित है।

सभी प्रदेशवासियों के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हम आजादी के अमृतकाल में 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने में सफल हुए हैं। देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही, उत्तर प्रदेश ने श्रीअयोध्या धाम में श्रीरामलला के नूतन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा से राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव एवं समृद्ध विरासत को पुनर्प्रतिष्ठित किया है। यह सत्य एवं शाश्वत कल्याण का वह सनातन मार्ग है, जिस पर हम सभी पूर्ण कर्तव्यबोध के साथ चलकर उन महान बलिदानियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देंगे, जिन्होंने अपने निष्काम समर्पण से हमें **75वां गणतंत्र दिवस** मनाने का अवसर दिया है।

समस्त प्रदेशवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# भाजपा विधायक अमरेश रावत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज विकासखंड के कनकहा गांव में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य समेत कई विभागों ने स्टाल लगाकर लोगो को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गईं और लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत ने ग्राम पंचायत प्रधान की मौजूदगी में ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी । वही मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं ने गीत गाकर व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया वही जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव व ग्राम प्रधान मंशाराम ने मुख्य अतिथि सहित आये हुए सभी सम्मानित अतिथिगणों को अंग वस्त्र व पुस्पगुच्छ भेंटकर सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक अमरीश कुमार रावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम पायदान पर खड़े आदमी तक पहुचे इसी के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है कार्यक्रम के दौरान ही सरकारी योजनाओं से वंचित लोगो को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी दिलाया जा रहा है । वही उपस्थित लोगो को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से रूबरू कराते हुए सभी ग्रामीण जनता से बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के नारे को साकार करने की जोरदार अपील करते हुए कहा कि बेटी बेटे में बिना किसी भेदभाव के शिक्षित करना होगा तभी सरकार का सपना साकार हो सकेगा और बेटियां आगे बढ़ेगी । वही भाजपा के क्षेत्रीय विधायक ने उपस्थित लोगों को 22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अपने अपने घरों को सजाकर व दीप जलाकर दीपावली की तरह उत्सव मनाये जाने पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद दिया और मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में मौजूद लोगो को पंच प्रण की शपथ दिलाई और अंत मे जरूरतमंद वृद्ध महिलाओं व पुरुषों को 1500 कम्बल व चयनित लाभार्थियों को प्रमाणपत्रों का वितरण भी किया । इस मौके पर मोहनलालगंज मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह निगोहा मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेई प्रदीप सिंह,अरविंद सिंह सहित अन्य ग्राम पंचायतो के प्रधानगण सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे ।

# अब एफडीआर तकनीक पर बनेगी पीएमजी एसवाई की सड़कें : केशव प्रसाद

## एफडीआर तकनीक अपनाने वाला ग्रामीण अभियंत्रण विभाग बना रोल मॉडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई (प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना) की सड़कों को शत-प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाया जाए। इसकी तैयारी की जाए कि भविष्य में पीएमजीएसवाई की सड़कों को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ही बनाए। इसके लिए जरूरी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जाए। पीएमजीएसवाई की सड़कों की नियमित चेकिंग करने के साथ एफडीआर तकनीक से काम करने वाले कंाट्रैक्टर्स की बैठक बुलाए जाने के निर्देश दिए।

पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक अपनाने वाला ग्रामीण अभियंत्रण विभाग रोल मॉडल है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि एफडीआर तकनीक अपनाने से जिस पैसे की बचत हो रही है, उससे सड़कों के सौन्दर्यीकरण आदि पर व्यय किया जा सकता है। जैसे- सड़क किनारे जहां उचित हो राहगीरों, यात्रियों आदि के बैठने के लिए सीटें यूरेनल, जंकशन इम्प्रूवमेंट, वृक्षारोपण, टी गार्ड आदि कार्य करा सकते हैं, इसके प्लान बनाएं। एफडीआर तकनीक अपनाने वाले ठेकेदारों के साथ मीटिंग कराई जाए। उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रान्तों के कंाट्रैक्टर्स व विशेषज्ञों को भी बुलाकर विस्तार से चर्चा की जाए। एफडीआर तकनीक का फायदे का व्यापक संदेश समाज में दिया जाए।उत्तर प्रदेश रूरल रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुखलाल भारती ने बताया कि इस तकनीक को बढ़ावा दिए जाने के प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य अभियंता यूपीआरआरडीए राजकुमार चौधरी ने बताया कि अभियान चलाकर पीएमजीएसवाई की सड़कों का निरीक्षण कराया गया है और जहां कहीं भी कमियां परिलक्षित हुईं, वहां सुधारात्मक कार्य कराए गए।

लागत कम, मजबूती दोगुनी-कार्बन उत्सर्जन में कमी, ऐसा है एफडीआर तकनीकउल्लेखनीय है कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में देश में सबसे पहले उत्तर प्रदेश ने एफडीआर तकनीक का उपयोग किया है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के बाद अब लोक निर्माण विभाग ने इस तकनीक को अपनाया है। इस तकनीक के इस्तेमाल से 15-20 प्रतिशत लागत में बचत हो रही है और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी होती है, सड़कें भी दोगुनी मजबूत बन रही है, ऐसा दावा किया गया है।

## दो शातिर लुटेरों को किया गया अरेस्ट

लखनऊ ।थाना गाजीपुर और सर्विलांस सेल उत्तरी के अथक प्रयास ने थाना गाजीपुर के नाम एक सफलता की है। गाजीपुर पुलिस ने राजधानी लखनऊ के विभिन्न थाना क्षेत्रों मे लूट और चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के दो सदस्यों को अपनी गिरफ्त मे ले लिया है। पुलिस की गिरफ्त मे आये अभियुक्त के नाम शिवम सिंह पुत्र जेमेंद्र सिह और दूसरे अभियुक्त का नाम जितेंद्र पाल पुत्र राम खेलावन बताया जा रहा है। आपको बता दें कि दिनांक 18 जनवरी 2024 को वादिनी द्वारा चेन स्नेचिंग के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया था जिसमे थाना गाजीपुर प्रभारी निरीक्षक विकास राय के नेतृत्व मे थाना गाजीपुर पुलिस टीम व सर्विलांस सेल उत्तरी के संयुक्त प्रयास ने दो शातिर लुटेरों को लूट के सामान के साथ अपनी गिरफ्त मे ले लिया और उनपर दर्ज मुकदमे के आधार पर विधिक कार्यवाही कर उन्हें जेल भेज दिया है।

## पोस्ट आफिस कर्मचारी की मनमानी से परेशान पी एम किसान लाभार्थी

मोहनलालगज ।लखनऊ, मोहनलालगंज के सिसेंडी पोस्ट आफिस के कर्मचारी की लापरवाही व मनमानी के चलते दर्जनों किसान सम्मान निधि के लाभार्थी परेशान हैं। सिसेंडी क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की पी एम किसान निधि बैंक खातों में तकनीकी समस्या होने से पोस्ट आफिस में खाता खुलवाने की प्रक्रिया चल रही है। सिसेंडी पोस्ट आफिस में तैनात यज्ञेश नामक कर्मचारी की मनमानी व दुर्व्यवहार के चलते कई कई बार लाभार्थियों के पोस्ट आफिस के चक्कर लगाने के बावजूद खाते नहीं खुल पा रहे हैं। अधिकारियों के चहेते यज्ञेश के आने जाने का समय निश्चित नहीं है। एक डेढ़ घण्टे से अधिक यह पोस्ट आफिस पर समय देने पर अपनी तौहीन समझते हैं और कुछ न कुछ बहाने बनाकर निकल लेते हैं। लाभार्थियों संध्या, रितेश, प्रमिला आदि ने बताया कि पिछले दो हफ्ते से कईबार दौड़ने के बावजूद आज तक खाता नहीं खुल सका है।

## भाजयुमो जिला अध्यक्ष के निर्देशन पर नावमदाता सम्मेलन आयोजित हुआ

मोहनलालगंज ।लखनऊ, भाजयुमो जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र पाण्डेय धीरू के निर्देश पर मोहनलालगंज स्थित महाराणा इंस्टीट्यूट में नावमतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शुभम सिंह ने बताया कि आज पूरे राष्ट्र में माननीय प्रधानमंत्री जी नावमतदाता बहन भाइयों से सीधा संवाद किया। व उनसे अपने मत का सदुपयोग राष्ट्र के विकास को व भविष्य को ध्यान में रखकर करने को कहा प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में नावमतदातावो से कहा कि शोशल मीडिया पर व परिवार में वह यह जरूर पूछे कि 2014 के पहले राष्ट्र की क्या स्थिति थी आज क्या है इसके चिंतन की भी आवश्यकता राष्ट्र के युवाओ को है आज भाजयुमो जिला लखनऊ द्वारा इस कार्यक्रम को चारों विधानसभा के नौ स्थानों पर कराया मोहनलालगंज के कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में ओम प्रकाश शुक्ला ब्लॉक प्रमुख, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता कार्तिकेय त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष निगोहा दीपू बाजपेयी, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो सनी पाण्डेय, मंडल महामंत्री निगोहा आशुतोष शुक्ला पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहनलालगंज चक्रवीर सिंह बेटू, नगर पंचायत मोहनलालगंज के सभासद हिमांशु सिंह सहित हजारो युवा उपस्थित रहे।

## महिला स्पेशल कैंपस ड्राइव में 17 महिला का चयन, मिली नौकरी

लखनऊ। युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार लगातार प्रयत्नशील है। गुरुवार को लखनऊ में महिला स्पेशल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें 17 महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ में सीखो एवं कमाओ योजना (एनएपीएस) के तहत दो अथवा तीन वर्षीय डिप्लोमा प्रोग्राम के लिए टाटा मोटर्स लि. लखनऊ की ओर से महिला स्पेशल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर एमए खां ने बताया कि कैंपस ड्राइव में कुल 54 महिला अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें से 17 महिला अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के उपरांत चयन किया गया। सभी चयनित अभार्थियों के लिए 13605 रुपये प्रतिमाह वेतन एवं कैंटीन फ्री, ट्रासपोर्ट फ्री, इन्श्योरेंस सात लाख, मेडिकल क्लेम एक लाख, तीन सेट यूनीफॉर्म प्रतिवर्ष, जूते, पीपीई किट एवं कम्पनी द्वारा निर्धारित छूट्टियां तथा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## आनंद मोहन सिंह बने माध्यमिक शिक्षक संघ चेतनारायण गुट के जिलाध्यक्ष

बलिया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेत नारायण गुट का संगठनात्मक चुनाव गुरुवार को हुआ। मंडल अध्यक्ष डा. राकेश सिंह चुनाव अधिकारी की देखरेख में कुंवर सिंह इंटर कॉलेज में संपन्न हुए चुनाव में सर्वसम्मति से आनंद मोहन सिंह को अध्यक्ष व रामविलास सिंह यादव को जिला मंत्री चुना गया।गहमा-गहमी में हुए संगठनात्मक चुनाव में चंद्र प्रकाश पांडेय कोषाध्यक्ष व अनुज सिंह संगठन मंत्री चुने गए। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष केपी सिंह, मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र सिंह, जयप्रकाश मिश्रा को शिक्षकों ने माला पहनाकर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## सात दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन तारकासुर वध वृतांत का सुंदर वर्णन

मुरादाबाद। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्री साइन शौर्य मंदिर मिलन विहार मुरादाबाद सात दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन गुरुवार को तारकासुर वध वृतांत का वर्णन हुआ। हरिद्वार से आए सत्यानंद आचार्य ने इस कथा का बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया।

सत्यानंद आचार्य ने कहा कि सती के अंत के बाद हिमांचल प्रदेश में तारकासुर नामक राक्षस का जन्म होता है, जिसके अत्याचार से देवता गण घबरा जाते हैं। हिमांचल प्रदेश के राजा हिमांचल को पुत्री प्राप्त होती है। भगवान नारद का आगमन होता है। देवर्षि नारद राजा व रानी को उनकी पुत्री को घोर तपस्या कर भगवान शिव को पाने का आदेश देते हैं। यह खबर सुन पति-पत्नीदोनों चिंतित हो गए। जैसे ही सुबह पार्वती को जगाने जाते हैं तो बिना कहे ही पुत्री पार्वती अपने स्वप्न को माता से बयां करती हैं और शिव को प्राप्त करने के लिए वन में कठोर तपस्या के लिए निकल पड़ती हैं। हजारों साल तपस्या के बाद माता पार्वती के पास भगवान शिव सप्त ऋषियों को माता पार्वती के पास उनकी परीक्षा लेने के लिए भेजते हैं। माता का अटूट भाव देख सप्त ऋषि क्षमा मांगते हुए माता को भोलेनाथ को प्राप्त करने का वरदान देते हुए चले जाते हैं।

सत्यानंद आचार्य ने आगे बताया कि उधर ब्रह्मा, विष्णु आदि देवता भगवान श्रीराम के बचनों को याद दिलाकर मां पार्वती से विवाह करने का आग्रह करते हैं। विवाह के बाद षड़आनन का जन्म होता है, षड़आनन के द्वारा तारका सुर का वध होता है। फिर पूरा देश और देवताओं में अमन चैन हो जाता है।

मंदिर प्रबंधक कमल मोहन सेठ द्वारा व्यवस्था देखी गई। पूजन पंडित आशुतोष शर्मा ने कराया। मुख्य यजमान शशिकांत वर्मा, संजय सक्सेना, अमित अग्रवाल, राकेश गुप्ता, पवन गुप्ता, नरेंद्र चौहान, अनिल मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।

# राम मंदिर के प्रसाद वितरण व पादुका सेवा में जुटे संघ के स्वयंसेवक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर बने भव्य दिव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद उनके दर्शन के लिए रामभक्तों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने कमान संभाल ली है। संघ के स्वयंसेवक मंदिर परिसर के अन्दर प्रसाद वितरण व पादुका सेवा में जुटे हैं। इसके अलावा प्रसाशन का सहयोग करने के साथ-साथ लाकर की भी व्यवस्था स्वयंसेवक ही संभाल रहे हैं।

मंदिर परिसर में सेवा देने के लिए अयोध्या के आसपास के जनपदों के प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। मंगलवार को बस्ती विभाग के कार्यकर्ताओं को बुलाया गया था। गुरुवार को गोण्डा व नंदिनीनगर के कार्यकर्ता अयोध्या पहुंचे। अभी गोण्डा व बस्ती विभाग के कार्यकर्ता सेवा में लगे हैं। सेवा में लगे कार्यकर्ताओं के भोजन व ठहरने की व्यवस्था कनक भवन और वेद मंदिर में की गयी है।विश्व हिन्दू परिषद के प्रवक्ता अशोक तिवारी ने बताया कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद अचानक इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच जाएंगे, इसकी कल्पना न तो ट्रस्ट के पदाधिकारियों को थी और न ही शासन प्रसासन को। व्यवस्थाएं ठीक कर ली जाएंगी। प्राण प्रतिष्ठा के दिन तो संघ के स्वयंसेवकों के जिम्मे व्यवस्था थी। कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न भी हो गया। वहीं दूसरे दिन पांच लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ पड़े। इतनी भीड़ को संभाल पाना प्रशासन के बस की बात नहीं थी। इस कारण धक्का-मुक्की की नौबत आ गयी।अशोक तिवारी ने कहा कि राम जी के प्रति श्रद्धा का ही यह परिणाम है कि प्रशासन द्वारा रोक लगाने के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आ गये। श्रद्धालुओं की संख्या का देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दर्शन की अवधि बढ़ा दी है। अब प्रातः सात बजे से रात 10 बजे तक रामलला के दर्शन होंगे।

## अच्छे लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदान आवश्यकः दीपक मीणा

मेरठ। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि हमें अच्छे लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदान के दिन घर से बाहर निकल कर मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। यदि हम अपने देश का विकास चाहते हैं तो हमें अपने कर्तव्यों के साथ-साथ अपनी जिम्मेदारी का भी निर्वहन करना पड़ेगा। भारत में केवल 67 प्रतिशत लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं जबकि प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए तथा अन्य मतदाता को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए।राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गुरुवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा तथा विशिष्ट अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कमल किशोर, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस्माईल इंटर कॉलेज, इस्माईल पीजी कॉलेज, शांता स्मारक इंटर कॉलेज, एनएएस कॉलेज, डीएन कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य प्रस्तुति दी गई।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एडीसीपी ने पुलिसकर्मियों को दिलाई शपथ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गुरूवार को दक्षिणी जोन पुलिस कार्यालय पर एडीसीपी शंशाक सिंह ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा व अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष होकर शांतिपूर्ण मतदान कराने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।।एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह ने अपने कार्यालय में तैनात सभी अधिकारियों व पुलिसकर्मियो को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई।मोहनलालगंज कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक आलोक राव,निगोहां थाने में प्रभारी अनुज कुमार तिवारी,नगराम थाने में विवेक चौधरी,कृष्णानगर थाने में प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र प्रताप सिंह,सरोजनीनगर थाने में प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र गिरी,सुशान्त गोल्फ सिटी थाने में प्रभारी निरीक्षक अजंनी कुमार मिश्रा,गोसाईगंज थाने में अतिरिक्त निरीक्षक महेन्द्र कुमार शुक्ला ने सभी अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को निर्भीक,प्रलोभन रहित एवं निष्पक्ष होकर शांतिपूर्ण मतदान कराने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

# यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक रेलवे के नेतृत्व में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । को गणतंत्र दिवस पर्व की पूर्व संध्या पर यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रशांत वर्मा अनुभाग लखनऊ व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे हृषीकेश यादव द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन बादशाह नगर व गोमतीनगर पर स्वयं जीआरपी/आरपीएफ, ए0एस0चेक, बीडीएस व डॉग स्क्वाड टीम के साथ रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों से पूछताछ/चेकिंग, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया का भ्रमण व निरीक्षण करके सुरक्षा के संबंध में निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जीआरपी अनुभाग लखनऊ के समस्त रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है स्थानीय पुलिस,जीआरपी आरपीएफ, ए0एस0चेक टीम, बीडीएस व डॉग स्क्वाड टीम द्वारा रेलवे स्टेशन पर लगातार चेकिंग की जा रही है। पुलिस फोर्स को ब्रीफ कर ड्यूटी प्वाइंट पर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं, निरंतर रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाली ट्रेन,सरकुलेटिंग एरिया, पार्किंग, पार्सल घर, प्लेटफार्म, पार्किंग में खड़े दोपहिया वाहनों, सदिग्ध व्यक्ति वस्तु व ज्वलनशील पदार्थ की चेकिंग की जा रही है।

# पंचशील इ. का. में 'नमो नवमतदाता सम्मेलन' का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम,लखनऊ। नगराम क्षेत्र के अनैया स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के 'नमो मतदाता सम्मेलन' को वर्चुअली सम्बोधित किया। जहां प्रधानमंत्री का लाइव सम्बोधन सुना गया। नगराम क्षेत्र के अनैया स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज में प्रधान मंत्री का लाइव सम्बोधन सुनने के साथ ही छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक अमरेश रावत व पंचशील इ.का. के मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु मिश्र व ब्लाक प्रमुख गोसाईगंज विनय कुमार वर्मा , भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ हुआ। छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा जारी नम्बर पर मिस्ड काल के माध्यम से बताया । प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एस.सी. मिश्रा ने बताया कि युवा वर्ग देश की रीढ़ की हड्डी है जिनका देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत व विकसित विकास शील बनाने में अहम योगदान रहता है। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा वंदना गीत प्रस्तुत किया गया साथ ही शिवनंदन इंटर कॉलेज छतौनी व पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज के दो टीमों में कब्बड्डी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें पंचशील इ.का. के छात्रों ने बाजी मारी, जीतें छात्रों को मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु मिश्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शिवनंदन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं जिला संयोजक प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ एस.सी. मिश्रा (ज्ञानी जी) , पंचशील इ.का. के प्रधानाचार्य प्रेमशंकर अवस्थी, खेल शिक्षक विशाल शाह, युवा मोर्चा भाजयुमो अवध प्रांत अम्बुज त्रिपाठी, अरविन्द अवस्थी, श्याम प्यारी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

## गड़हा महोत्सव : 27 जनवरी को भरौली में होगा सितारों का जमघट

बलिया, । स्व. हरिशंकर राय की स्मृति में आयोजित होने वाले गड़हा महोत्सव में 27 जनवरी को सितारों का जमघट होगा। पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी व भोजपुरी गायक गोपाल राय में गुरुवार को संयुक्त प्रेसवार्ता में बताया कि गड़हा महोत्सव में सामूहिक विवाह भी होगा। जिसमें 21 कन्याओं की शादी होगी।

उन्होंने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालू दोपहर 11 बजे भरौली गोलंबर के पास विशाल मैदान में करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चैबे, प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, मंत्री गिरीश यादव, मंत्री दानिश आजाद, सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर मौजूद रहेंगे। बताया कि 26 जनवरी को महोत्सव के लिए भूमि पूजन होगा। हल्दी की रस्म भी 26 को ही होगी।

विवाह संग सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर भोजपुरी कलाकार पवन सिंह, भरत शर्मा व्यास, गोलू राजा, आलोक कुमार, देव सिंह, सन्नी पाण्डेय, गुंजन सिंह, अवधेश मिश्रा, अजीत आनंद, डिम्पल सिंह, अनुपमा यादव, आस्था सिंह, शिवानी सिंह के साथ ही कई नवोदित कलाकार भी प्रस्तुति देंगे।

# पौष पूर्णिमा पर पौने आठ लाख श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। माघ मेले के प्रथम स्थान पौष पूर्णिमा पर सायं चार बजे तक लगभग 7 लाख 75 हजार लोगों ने मेला क्षेत्र में बनाए गए संगम के घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान सुरक्षा की चाक चौबन्द व्यवस्था रहने से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

मेला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह 10 बजे तक लगभग साढ़े पांच लाख, 12 बजे तक 5 लाख 80 हजार, दो बजे तक 6 लाख 60 हजार तथा चार बजे तक 7 लाख 75 हजार श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने देर रात से ही मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं।

मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, पुलिस विभाग के आला अधिकारी, मेलाधिकारी, अपर मेलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में रहते हुए सभी सेक्टरों एवं घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं।

## माघ मेले के विभिन्न सेक्टरों में 10 वाटर एटीएम लगे

इस वर्ष श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों को पीने के पानी की सुविधा प्रदान करने के लिए जल निगम द्वारा वाटर एटीएम के रूप में किए गए अभिनव प्रयोग का सभी श्रद्धालु फायदा उठा रहे हैं। आज पौष पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व पर हर वाटर एटीएम से लगभग 1000 श्रद्धालुओं ने पीने का पानी लेते हुए लाभ उठाया। इस वर्ष माघ मेले के विभिन्न सेक्टरों में 10 वाटर एटीएम लगाए गए हैं। इन वॉटर एटीएम के माध्यम से एक रुपये में श्रद्धालु एक लीटर पानी ले सकते हैं। सभी एटीएम पर तीन प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। टैप नंबर 1 से 1 रू. में डिस्पोजेबल ग्लास में पीने का पानी लिया जा सकता है। टैप नंबर 2 में से 1 रू. में 1 लीटर पानी निकालते हुए अपनी बोतल भरी जा सकती है तथा टैप नंबर 3 में से क्यू आर कोड के माध्यम से 1 रू. का पेमेंट किया जा सकता है। सभी वाटर एटीएम पर सहायक भी उपलब्ध हैं।

## एनडीआरफ उपमहानिरीक्षक का संगम क्षेत्र में दौरा

माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ के जवान संगम तट पर विभिन्न घाटों पर तैनात किए गए हैं। पिछले वर्ष की भांति इस बार भी एनडीआरएफ की दो टीमें वीआईपी घाट, संगम नोज, अरैल घाट तथा रामघाट आदि पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में संगम पर तैनात हैं।इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ की मेडिकल टीम वीआईपी घाट पर निःशुल्क उपचार के लिए मौजूद है। एनडीआरएफ की दो टीमें जिसमें प्रत्येक में गोताखोर, पैरामेडिकल, डीप डाईविंग सेट, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय व अन्य आधुनिक बचाव उपकरण, 12 वोट्स और लगभग 75 बचाव कर्मियों के साथ प्रमुख घाटों पर तैनात किये गये हैं।

# नानक पुलिस चौकी में तिरंगा स्तम्भ लोकार्पण एवं शौर्य वन्दन समारोह का आयोजन

## सेवानिवृत्त फौजियों का सम्मान समारोह आयोजित, शाल ओढ़ाकर दिया स्मृति चिन्ह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। लखीमपुर रोड स्थित नानक पुलिस चौकी पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक अमन गिरि द्वारा 110 फिट ऊँचा तिरंगा ध्वज स्तम्भ का लोकार्पण कराया गया। जिसके उद्धघाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सी.एम. दिनेश शर्मा ने नानक चौकी पर स्थित सभा स्थल पर पहुंच कर 110 फिट के तिरंगा स्तम्भ का ध्वजारोहण किया। साथ ही 110 पूर्व सेवानिवृत्त सैनिको व वरिष्ठ अधिवक्ताओ को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने सैनिकों को सम्मानित करते हुए फूल माला व अंग वस्त्र , सम्मान पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और कहा की सैनिक विषम परिस्थितियों में सीमाओ की रक्षा करते है। हम सभी को सैनिको का सम्मान करना चाहिए और सैनिको के त्याग और बलिदान,सेवा से देश की सीमाएं सुरक्षित है डिप्टी सीएम के द्वारा कैप्टन अभिनन्दन के शौर्य का भी उल्लेख किया तथा अमर शहिदों को याद किया। इस मौके पर गोला भाजपा विधायक अमन गिरि, निघासन विधायक शशांक वर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष शरद वाजपेयी,गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू,सुर्जन लाल वर्मा, मंच संचालक वेद प्रकाश अंग्निहोत्री,कृति महेश्वरी तथा भाजपा कार्यकर्ता मौजूद् रहे।

# शुरू हुआ नैमिषारण्य का रामनगरिया मेला



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैमिषारण्य (सीतापुर)। प्रत्येक वर्ष के माघ महीने में होने वाला रामनगरिया मेला आज से प्रारंभ हो रहा है। दूर दूर से श्रद्धालु कल्पवास करने के लिए यहां पहुंच चुके हैं। तीर्थ क्षेत्र नैमिषारण्य के देवदेवेश्वर धाम के गोमती घाट पर भक्त हरदोई, सीतापुर, उन्नाव के अलावा अन्यत्र जनपदों से कल्पवास करने के लिए पहुंचे हैं। जनपद हरदोई के झरोइया निवासी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि यह 27वाँ रामनगरिया मेला उनकी समिति द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी लोगों की सहभागिता से आदि गंगा गोमती तट रामनगरिया सेवा समिति की शुरुआत बीते 27 वर्ष पहले की गई थी। जो भगवान शिव एवं माँ गोमती की कृपा से अनवरत कल्पवासियों की सेवा कर रही है। इस समिति के द्वारा सभी कल्पवासियों को रहने के लिए निःशुल्क झोपड़ी एवं जलपान भोजन इत्यादि की सेवा दी जाती है। आदि गंगा गोमती के तट पर होने वाला यह कल्पवास पौष पूर्णिमा 25 जनवरी से लेकर माघ पूर्णिमा 24 फरवरी 2024 तक चलेगा।

# नाजायज असलहा व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

## अवैध तमंचा के साथ आरोपी चढ़ा भीरा पुलिस के हत्थे, भेजा जेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

भीरा-खीरी। भीरा पुलिस ने अवैध असलहा व कारतूस के साथ युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

थानाध्यक्ष भीरा ने बताया कि उप निरीक्षक चेतन तोमर व उप निरीक्षक उप निरीक्षक राम बाबू शर्मा मय हमराह हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार, हेड कांस्टेबल अनुज कुमार यादव, हेड कांस्टेबल राजू वर्मा, आरक्षी मोहित कुमार के साथ गश्त पर निकले थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक थाना क्षेत्र के बस्तौली मार्ग पर खड़ा है और कही जाने की फिराक में है मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा जिन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया जामा-तलाशी पर युवक के पास अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ कड़ाई से पूछ-ताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम व पता नागेश पुत्र राम स्वरूप राठौर निवासी ग्राम बिजुआ थाना व जनपद खीरी बताया भीरा पुलिस आरोपित को थाने ले आई और विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए चालान कर दिया। इस बाबत मे जब उप निरीक्षक चेतन तोमर से उक्त गिरफ्तारी मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ हिरासत में लिया गया विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# शासनादेश की धज्जियां उड़ा रहा पीडब्ल्यूडी विभाग, नवनिर्मित सड़क हो रही खंडहर में तब्दील

बेहटा, सीतापुर। ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत औरंगाबाद मजरा आलमपुर से औरंगाबाद तक चंद दिनों पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रोड का पुनः जीर्णोद्धार करवाया गया था लगभग दो माह पूरे होने को हैं रोड से कंक्रीटो का उखड़ना काफी मात्रा में जारी हो गया है जिससे साफ स्पष्ट होता है की रोड निर्माण में मानक के हिसाब से कंक्रीट ,गिटटी, तारकोल, व डामर मिश्रण के अनुपात में काफी हेरा फ़ेरी की गई है एक तो ग्रामीण अंचल की सड़कों का बनना दूभर रहता है यदि काफी प्रयासों के बाद कहीं निर्माण या रिपेयरिंग होना निश्चित भी हो पता है तो इन विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारों की मिली भगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर रह जाता है वाकई में इस रोड का जीर्णोद्धार काबिले तारीफ है जिससे मटेरियल मिश्रण अनुपात व शाश्नादेशो के नियमों को ताक पर रखते हुए मनमाने तरीके से काम करवाने में कोई कोर कसर नही छोड़ रखी है अब देखना यह है कि खबर छपने के बाद कोई उच्च अधिकारी संज्ञान लेता भी है या इस तरह से सरकारी धन का दुरुपयोग करने वाले अधिकारी व ठेकेदारों को स्थलीय जाँच कर सरकारी धन के दुरुपयोग करने पर कार्यवाही की जाएगी या फिर भारत रत्न उपाधी से नवाजा जाएगा

# अदभुद शौर्य व पराक्रम के लिये सिल्वर पदक से सम्मानित होंगे निरीक्षक विवेक उपाध्याय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर-खीरी। मैगलगंज थानाक्षेत्र में शातिर अपराधियों द्वारा पुलिस रात्रि गस्त कर रहे सिपाहियों पर गोलियां दागने वाले शातिर अपराधियों द्वारा किये गये गोलीकांड में शहीद दीवान अनिल सिंह चौहान के सीने में गोली लगने से उनकी दुःखद मृत्यु हो गयी थी। पुलिस के लिये चुनौती बने इस गोलीकांड में आरोपियों को ढूंढना पुलिस के लिये खासा कठिन रहा क्यों कि रात के घने अंधेरे में घटी इस दुस्साहसिक वारदात का कोई भी सूत्र पुलिस के हाथ नही लग रहा था। पुलिसकर्मी की हत्या पर गम्भीर पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर गोली मारने वाले मुख्य आरोपी शैलेश गुप्ता को नाइन एमएम पिस्टल व लगभग सत्तर हजार रुपयों व उसके तीन शातिर साथियों के साथ मुठभेड़ के दौरान अपनी सूझबूझ व कड़ी घेराबन्दी के बाद गिरफ्तारी करने के प्रकरण में पुलिस विभाग एवं शासन स्तर तक से प्रशंसा प्राप्त करने वाले प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रशंसा चिन्ह रजत पदक से सम्मानित किया जायेगा। निरीक्षक विवेक उपाध्याय को सिल्वर पदक से सम्मानित किये जाने की सूचना मिलते ही स्थानीय गणमान्यजनों सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

# शांति व्यस्था को ध्यान में रखते हुए पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रेउसा सीतापुर। राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात गणतंत्र दिवस पर शांति व्यवस्था बरकरार रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गत दिवस गुरुवार को थाना रेउसा में एसडीएम बिसवां मनीष कुमार व सीओ बिसवां उदय राज सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं उनका नाम मतदाता सूची में बढ़ाए व जिनके नाम छूट गए हैं उनको भी मतदाता सूची में शामिल करवाने के लिए अपने बीएलओ से संपर्क करें। नाम ऑनलाइन भी बढ़वा सकते हैं तथा ऐप्प के जरिये से आप लोग स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं।सभी लोग निष्ठा पूर्वक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जुड़े एवं मतदान में भाग लें। इस अवसर पर मौजूद लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित अधिकारी द्वय ने गणतंत्र दिवस के अवसर जो लोग बाइक रैली निकलते हैं उनसे अपील की यदि बाइक रैली निकाल रहें हैं तो नियमानुसार परमिशन लेकर ही रैली निकालें।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम, प्रधान संघ अध्यक्ष सत्येंद्र मिश्र, राज किशोर शुक्ला, हामिद अली, रिजवान अहमद,सुशील मौर्य, अखिलेश बाजपेई, अवधराम पाल, ब्रज लाल, गुड्डू सिंह, अंशुमान शुक्ला (दीपक), हिफाज़त अली,अमरीश मिश्रा ,रामेंद्र (रामू) महेन्द्र कुमार, अनूप दीक्षित, आदि काफी संख्या में प्रधान बीडीसी व संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। इसके बाद थाना प्रभारी रेउसा के नेतृत्व में कस्बे में बाइक रैली निकाली गई।।

# मतदाता जागरूकता दौड़ का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय, सीतापुर द्वारा दिनांक 25 जनवरी 2024 को प्रातः 8:00 बजे से मतदाता जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ श्री दिनेश डिंगरा, जिला होमगार्ड कमाण्डेट, सीतापुर के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया एवं सभी प्रतिभागियों एवं वहां मौजूद समस्त लोगों को मतदाता शपथ भी दिलायी एवं मतदान के प्रति जागरूक किया। मतदाता जागरूकता दौड़ में विजयी रहे प्रतिभागियों को श्री दिनेश जायसवाल उर्फ दिनेश आंबेडकर गांधी, समाजसेवी के द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किये गये। तत्पश्चात जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय, सीतापुर द्वारा प्रातः 9.00 बजे साइकिल रेस का आयोजन 02 वर्गो (पुरूष एवं महिला ओपेन वर्ग) में किया गया। पुरूष वर्ग की रेस एवं महिला वर्ग की रेस का शुभारम्भ श्री दिनेश डिंगरा, जिला होमगार्ड कमाण्डेट, सीतापुर के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। साइकिल रेस प्रतियोगिता में लगभग 83 खिलाड़ियों (बालक एवं बालिकाओं) ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दिनेश डिंगरा, जिला होमगार्ड कमाण्डेट, सीतापुर का सर्वप्रथम क्रीड़ा अधिकारी द्वारा बैच लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा विजय रहें प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को इस अवसर पर गणतंत्र दिवस पूर्व संध्या की बधाईर दी एवं अपने मताधिकार के प्रति खिलाड़ियों को जागरूक किया।

अंत में प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री संजींव कुमार सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि व श्री दिनेश जायसवाल उर्फ दिनेश आंबेडकर गांधी, समाजसेवी, श्री प्रदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष, जिला उद्योग व्यापार मण्डल, श्री संजय मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया गया। प्रतियोगिता संचालन श्री सुरेन्द्र, ताइक्वाण्डों प्रशिक्षक के द्वारा किया गया। मतदाता जागरूकता दौड़ में प्रथम स्थान अभिषेक, द्वितीय स्थान शुभम श्रीवास्तव, तृतीय स्थान अजय, चतुर्थ स्थान अंकित, पुरूष ओपेन वर्ग साइकिल रेस में प्रथम स्थान गुफरान, द्वितीय स्थान शुभम श्रीवास्तव, तृतीय स्थान अभिषेक कुमार, चतुर्थ स्थान अंशु, पंचम स्थान अभिषेक वर्मा, षष्टम स्थान विकास कनौजिया एवं महिला ओपेने वर्ग साइकिल रेस में प्रथम स्थान कु0 दिव्यांशी, द्वितीय स्थान कु0 लक्ष्मी, तृतीय स्थान कु0 कीर्ति, चतुर्थ स्थान कु0 सिमरन राठौर, पंचम स्थान कु0 शिवानी जायसवाल को प्राप्त हुआ।

प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप श्री सुरेन्द्र, शिक्षा विभाग के श्री देश दीपक, श्री धीरेन्द्र आदि रहे। इस मौके पर जिला खेल कार्यालय के श्री देवेन्द्र कुमार पाल, जीवन रक्षक, श्री राहुल गुप्ता, कनिष्ठ सहायक मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर

## मैन्युवल निविदा सूचना

पत्रॉक -मेमो/न0पा0परि0/ 2023-24 दिनांक-24-81-24

एतद्वारा नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिषारण्य, सीतापुर में पंजीकृत ठेकेदारों / समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिषारण्य, सीतापुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15वॉ वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड) योजना के अर्न्तगत उपलब्ध / प्राप्त धनराशि से निर्माण के कार्यों को कराना चहती है। जिसके लिए नीचे लिखित विवरण अनुसार निविदायें (मैन्युवल) आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक- 27.01.2024 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से दिनांक- 07.02.2024 दिन बुधवार को प्रातः 11:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिषारण्य से नगद शुल्क जमा कर क्रय/प्राप्त करके कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स मे दिनांक 07.02.2024 दिन बुधवार को दोपहर 12:00 बजे तक डाले जा सकते है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 07.02.2024 दिन बुधवार को दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिषारण्य में खोली जायेंगी। विवरण व नियम, शर्तें निम्नवत हैं-

**विवरण**

| क्र. सं. | कार्य/स्थल विवरण | आगणन की धनराशि | जमानत की धनराशि 10 प्रतिशत | समयावधि | निविदा मूल्य (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलापूर्ति के अर्न्तगत- नगर मिश्रित मो0 रन्नूपुर -2 में मिनी ट्यूबेल का निर्माण कार्य | 731939.00 | 73193.00 | 02 माह | 800.00 |
| 2 | जल निकासी के साथ सड़क निर्माण - नगर मिश्रित में वार्ड थोक 01 में फारूख के मकान से अशफाक के मकान तक इंटरलॉकिग रोड व नाली निर्माण कार्य | 441095.66 | 44110.00 | 02 माह | 500.00 |
| 3. | जल निकासी के साथ सड़क निर्माण - नगर मिश्रित में वार्ड थोक-02 में सलील मामू के मकान से स्टेशन रोड ट्रांसफार्मर तक इंटरलॉकिग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 437028.00 | 43703.00 | 02 माह | 500.00 |
| 4. | जल निकासी के साथ सड़क निर्माण - मो0खाकीसराय मे रामदेव के मकान से सोपी के मकान तक इण्टर लाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 780693.64 | 78070.00 | 02 माह | 900.00 |
| 5. | जल निकासी के साथ सड़क निर्माण- मो0सीताकुण्ड 03 में अब्दुल हामिद की दुकान से राजू के मकान तक इण्टर लाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 675602.50 | 67560.00 | 02 माह | 800.00 |
| 6. | जल निकासी के साथ सड़क निर्माण - नैमिषारण्य उत्तर वार्ड 02 में विभन्न स्थानो पर आ0सी0सी0पुलिया निर्माण कार्य | 149297.33 | 14930.00 | 02 माह | 200.00 |

## निविदा हेतु नियम व शर्तें-


1. निविदा मूल्य जमा करने हेतु नकद / पालिका के यूनियन बैंक शाखा मिश्रित खाता सं0 177911100000885 आई0एफ0सी0कोड ठउत्रग0935344 में स्वीकार की जायेगी।
2 सभी निविदा प्रपत्रों के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि के रूप में एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिषारण्य के नाम बन्धक होनी चाहिये, जमा करना अनिवार्य है।
3. ठेकेदार द्वारा देय मैन्युवल निविदा में हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, संलग्नक प्रारूप पर 10 रूपये के स्टाम्प पेपर में एफिडेविट, स्वघोषणा शपथ-पत्र रु0 100 स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा साक्ष्यों की उपस्थिति में सत्यापित कराते हुए व सभी प्रपत्रों की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. 10 प्रतिशत निम्न (Below) में 0.5 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत अधिक निम्न (Below) पर 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत की कम दर पर सेक्योरिटी परफार्मेश गारन्टी शासनादेश संख्या 622/23/12-2012/0/ ऑडिट/5 टी.सी. लो.नि. अनुभाग-12 लखनऊ दिनांक 08.06.2012 के क्रम में गारन्टी प्रस्तुत करनी होगी।
5. निविदादाता द्वारा दिये गये दस्तावेजों / प्रमाणपत्रों की जाँच विभागीय स्तर पर की जायेगी यदि दस्तावेज गलत पाये जाते हैं तो निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं निविदादाता के विरूद्ध दण्ड के रूप में जमा धरोहर राशि को जब्त करते हुये काली सूची में डाल दिया जायेगा। ६. निविदा खोलते समय ठेकेदार उपस्थित रह सकते है।
7. एफडीआर/रसीद की धनराशि (10 प्रतिशत धरोहर धनराशि) को कार्यों के अन्तिम भुगतान शासनादेश संख्या 1319/नौ-9-21-45ज/21 नगर विकास विभाग अनुभाग 9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 के अनुसार 12 माह के पश्चात नियमानुसार वापस किया जायेगा।
8. कार्य स्थल पर डिस्प्ले बोर्ड अवश्य लगाया जाये।
9. निविदा स्वीकृति उपरान्त 07 दिन के अन्दर स्वंय के खर्चे पर अनुबन्ध कराना होगा, यदि कार्य का अनुबन्ध नही कराया जाता है, तो धनराशि जब्त कर कार्य निरस्त कर दिया जायेगा, जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा।
10. कार्य समाप्त करने की दी गयी समयावधि का आधा समय बीत जाने के उपरान्त भी, यदि ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारम्भ नही किया जाता है, तो उसको प्राप्त टेण्डर निरस्त कर दिया जायेगा।
11. निविदा में अंकित कार्यों की मात्रा में परिवर्तन हो सकता है, जिसके लिये ठेकेदार / फर्म का कोई दावा मान्य नही होगा।
12. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा ऐसी दषा में ठेकेदार / फर्म को निविदा मूल्य वापस मांगने का कोई अधिकार नहीं होगा।
13. समस्त विवादो का न्यायिक क्षेत्र सीतापुर होगा।
14. अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**पालिका परिषद मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर**

**मुन्नी देवी**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर**

# अयोध्या–मथुरा–काशी विश्वनाथ, तीनों लेंगे एक साथः प्रवीण तोगड़िया

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.प्रवीण तोगड़िया गोंडा में हुआ जोरदार स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा : अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.प्रवीण भाई तोगड़िया गोंडा पहुंचे उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर 1984 में सरयू मैया के तट पर हाथ में जल लेकर मंदिर बनाने का संकल्प लिया था और 24 जनवरी को फिर से सरयू मैया के तट पर जल लेकर हमने संकल्प लिया है कि अयोध्या मथुरा विश्वनाथ तीनों लेंगे एक साथ।जैसे अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना है, ऐसे ही भव्य मंदिर ज्ञानवापी पर और मथुरा में ईदगाह पर बनेगा।अब संघर्ष नहीं करना पड़ेगा आंदोलन नहीं करना पड़ेगा क्योंकि अब सीएम योगी आदित्यनाथ पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार है।गोंडा पहुंचने पर लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया।कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन के विस्तार को लेकर व्यापक चर्चा की। पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत में लाने के सवाल पर प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पास पूरे भारत की सशक्त सेना है और मेरा विश्वास है कि राजनाथ सिंह जैसे बहादुर सेनापति हैं।पाकिस्तान और अधिकृत कश्मीर भारत में मिल ही जाएगा।पाँच सौ वर्षों के परिश्रम के बाद भगवान राम भाव मंदिर में वापस लौटे हैं।यह हिंदुओं का विजय है और राम मंदिर विजय का स्मारक है।

### अयोध्या की गलियां कारसेवकों से भर गईं

प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि कल 24 जनवरी को अयोध्या में दर्शन किए हमने धन्यवाद किया राम मंदिर का नेतृत्व करने वालों को वहां लाठी-गोली खाने वाले कार सेवक आए थे और कारसेवकों से अयोध्या की सारी गलियां भर गई थीं।सभी कार सेवकों के साथ मैंने भी रामलला के दर्शन किये।रामलला को धन्यवाद किया कि इसी जीवन में इसी आंखों से राम मंदिर देखने का मौका दिया और इसी जीवन में गिलहरी की भांति सेवा करने का मौका दिया।ऐसा मौके हर जीवन में मिलता रहे।

# विधुत उपकेन्द्र के पुराने सामान गायब, जमीन पर हो रही खेती अफसर बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धानेपुर गोंडा :आदर्श व आकांक्षी नगर पंचायत सहित समूचे क्षेत्र को जगमग करने वाला 33/11 के.वी का विधुत उपकेन्द्र अफसरों की उदासीनता के कारण अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।यहां पर तैनात जेई सिर्फ अपनी ड्यूटी बजाते हैं,उन्हें विभाग की सम्पत्ति से कोई लेना देना नही होता है।विगत कई वर्षो से उपकेन्द्र की जमीन पर खेती की जा रही है। फसलें कौन किसके सह पर उगा रहा है इस बात की पुख्ता जानकारी होने के उपरान्त भी अफसरों की मौन स्वीकृति उर्वकर की तरह फसलों को पोषण प्रदान करतीं है। यही नही यहां बने पुराने निवास स्थानों की खिड़कियाँ दरवाजे कौन उखाड़ ले गया इसकी कोई जानकारी नही है।आज से कुछ वर्ष पूर्व उपकेन्द्र में कई हरे पेड़ लगे थे उन पेड़ो का अस्तित्व समाप्त होने के उपरान्त लकड़ियाँ कहाँ गयी इसका भी हिसाब नही है। नल की मशीन खोली जा चुकी है। पानी की टँकी गयाब हो गयी, उपकेन्द्र के चारों तरफ लोहे के इंगल कंटीले तार गायब कर दिया गया, हर चीज जो परित्यक्त होती है, वो गायब हो होती जा रही है किन्तु यहां के अफसरों को इसकी कोई चिंता नही है, और ना ही इस मनमानी को रोकने के लिए कोई कदम उठाया जा रहा है। बिजली के कीमती उपकरण, पुरानी मशीनें, ट्रांसफार्मर, वायर इत्यादि वाल बाउंड्री विहीन उपकेन्द्र में खुले आसमान के नीचे बेतरतीब पड़े देखे जा सकते हैं। इसी का नतीजा है की अक्सर यहां से चोरी की घटनाएं सामने तो आतीं हैं पर उन घटनाओं पर धूल डाल दिया जाता है।नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित इस उपकेन्द्र के चारो तरफ बाउंड्री नही है जिसके कारण खाली पड़ा मैदान पशुओं का जमावड़ा व बच्चों के खेलने के काम आता है। कभी कभी तो कार्य दिवस में मवेशियों के तांडव से आने वाले उपभोक्ताओं में भगदड़ भी हुयी, लेकिन ब्यवस्था में कोई फ़ेरबदल नही हुआ।आदर्श व आकांक्षी नगर पंचायत धानेपुर विकास के पथ पर अग्रसर है किन्तु बीजली विभाग न तो विभागीय सम्पत्ति की सुरक्षा में रुचिकर है न स्वच्छ भारत मिशन को तरजीह देता दिखा रहा है।

# बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में खर्च हुए एक-एक पैसे का मांगा जाएगा हिसाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

झांसी। नैसर्गिक सुंदरता को देश दुनिया तक पहुंचाने के लिए पर्यटन मंत्रालय की ओर से बुंदेलखंड के सभी 7 जनपदों में 16 दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम का आगाज 23 जनवरी को झांसी महानगर के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से किया गया। इसका ठीक से प्रचार प्रसार न होने के चलते अब विरोध के स्वर तल्ख हो रहे हैं। 23 जनवरी से 25 जनवरी तक झांसी में चलने वाले तीन दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के समापन दिवस पर बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के पदाधिकारी मेजर ध्यानचंद स्टेडियम जा पहुंचे। उन्होंने महोत्सव को लूट बता डाला। कहा कि बुन्देखण्ड की जनता उनसे एक एक पैसे का हिसाब लेगी।

बुनिमो के केंद्रीय अध्यक्ष भानु सहाय ने आरोप लगाया कि बुंदेलखंड की कला और साहित्य को धता बताकर हॉट एयर बैलून को उड़ा देना बुंदेलखंड का गौरव नहीं है। बुंदेलखंड का गौरव लिखकर उस मंच से मुंबई के बैंड का प्रमोशन करना भी बुंदेलखंड का गौरव नहीं है। यदि बुंदेलखंड गौरव लिखा है तो इस पर बुंदेलखंड की कला का प्रदर्शन भी होना चाहिए था। यहां की लोक कलाओं को प्रोन्नत किया जाना चाहिए था और जब यहां के स्थानीय कलाकार पर खर्च किया जाने वाला पारितोषक पहुंचता तो शायद उसके लिए इससे बेहतर और कुछ नहीं होता। भला मुंबई से लाए गए बैंड का यहां पर प्रचार प्रसार करना कहां तक न्यायोचित है।

उन्होंने कहा कि वह सूचना के अधिकार का प्रयोग करते हुए एक-एक पैसे का हिसाब मांगा जाएगा। उन्होंने इस बात की भी निंदा की कि कार्यक्रम में बुंदेलखंड के जानकारों की भी अनदेखी की गई। इस अवसर पर उनके साथ रघुराज शर्मा,एड. राजेन्द्र समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।गौरतलब है कि 10 करोड़ के प्रस्तावित बजट के साथ बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में 16 दिनों तक बुंदेलखंड गौरव महोत्सव मनाया जा रहा है।

# वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए दीवारों में की गई की गई जागरूकता वॉल पेंटिंग




कैनविज टाइम्स संवाददाता

### जिले में अधिक से अधिक वोट करने हेतु विभिन्न प्रकार से किया जा रहा जागरूक : जिलाधिकारी नेहा शर्मा

गोण्डा। 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपलक्ष में एक नई पहल की की शुरुआत। वहीं बताते चलें कि जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने शहर की दीवारों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु वॉल पेंटिंग से लेकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम करवा रही है।इसके साथ ही जनपद में जिन ग्राम पंचायतों में सर्वाधिक काम प्रतिशत में मतदान हुआ था, उन सभी गांवों में जिलाधिकारी ने जन संवाद चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए मतदान के संबंध में उनको विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया वही कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की ताकत है, अधिक से अधिक मतदान करें। जितने अधिक वोट पड़ेंगे, उतनी पारदर्शी सरकार होगी। इस संदेश को जनपदवासियों तक पहुंचाने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक अनूठी पहल की है। शहर में मतदाता साक्षरता वॉल तैयार की गई है।व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) के अन्तर्गत सरयू कन्या पाठशाला की दीवारों पर इसे तैयार किया गया है। यह वॉल वोट देने का संदेश दे रही है।आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा जनपदवासियों को मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लिए जनपद में शहर से लेकर गांव तक विद्यालय से लेकर सरकारी कार्यालय तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिससे लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र एक सामाजिक और राजनीतिक ढाँचा है जिसमें नागरिकों को अपनी सरकार का चयन करने की स्वतंत्रता होती है। इस विशिष्ट प्रक्रिया में मतदाता का योगदान महत्वपूर्ण है। मताधिकारों का सही और सक्रिय उपयोग करना मतदाता को नागरिक सामरिकता में भागीदार बनाता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तनों को प्रेरित करता है। मताधिकार एक नागरिक का अधिकार है जो लोकतंत्र में स्थापित किया गया है।कार्यक्रम के दौरान लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए गए।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास

जालौन। उरई-चुर्खी थाने के एक गांव में युवक द्वारा घर में घुसकर 12 वर्षीय किशोरी संग दुष्कर्म करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर स्पेशल जज पोक्सो एक्ट कोर्ट के न्यायाधीश मोहम्मद कमर ने आरोपी व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 40 हजार रूपये जुर्माना लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया की चुर्खी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एक जनवरी 2022 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि एक जनवरी 2022 को वह किसी कार्य से उरई गए हुए थे, जबकि उसकी पत्नी किसी कार्य से चाचा के यहां थी। घर में उसकी 12 वर्षीय पुत्री अकेली थी। तभी चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम सोहरापुर निवासी पप्पू कुशवाहा पुत्र रामदास उसके घर में घुस आया और उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म कर दिया।इसके बाद घर में पहुंचे परिजनों को किशोरी ने पूरी बात बताई। थाना पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर पप्पू कुशवाहा के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के तहत मुकद्दमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी।

गुरुवार को सुनवाई पुरी हुई, जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की जिरह गवाहों के बयानों को सुनने के बाद न्यायालय विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट मोहम्मद कमर ने आरोपी पप्पू कुशवाहा को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 40 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया है।

# भदौरिया फाइनेंस का पूरनपुर में हुआ शुभारंभ

पूरनपुर।नगर के कोतवाली रोड पर स्थित भदौरिया फाइनेंस का शुभारंभ डीएसए लखनऊ कुलदीप सिंह और वीरेंद्र सिंह ने सामूहिक रूप से फीता काट कर किया है।प्रोपराइटर अभिनव भदोरिया ने बताया कि हमारे यहां पर्सनल लोन, मशीनरी लोन, बिजनेस लोन, सेम लोन,क्रेडिट लोन,मॉर्टगेज लोन,ऑटो लोन सहित सभी प्रकार के लोन किया जाते है। लखीमपुर डीएसए विपिन अग्रवाल,अरहम खान,अलहद खान सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आरआरटीएस स्टेशन पर एक महीने तक मन लुभाएगा विंटर कार्निवाल झरोखा 2024

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद, 25 जनवरी(हि.स.)। सर्दियों का मौसम यानी मूंगफली खाते हुए धूप के मज़े लेना और परिवार या दोस्तों के साथ सैर सपाटा करना। ऐसी ही मज़ेदार चीजों के साथ सर्दियों को और मज़ेदार बनाने के लिए गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर 27 जनवरी से 27 फरवरी तक विंटर कार्निवाल झरोखा 2024 का आयोजन होगा। यह विंटर कार्निवाल प्रतिदिन दोपहर 12:30 से रात 9:30 बजे तक चलेगा। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा।एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस विंटर कार्निवल में आने वाले मेहमानों के लिए आसान, सुविधाजनक एवं निःशुल्क प्रवेश के साथ बड़ी पार्किंग की व्यवस्था की गई है, ताकि यहां पहुंचते ही लोग अपने वाहनों को निश्चिंत होकर खड़ा कर सकें और इस संगीतमय कार्निवाल का लुत्फ उठा सकें।उन्होंने बताया कि प्रत्येक सप्ताह विंटर कार्निवल में संगीत और नृत्य के नियमित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में मनोरंजन के माध्यम से सांस्कृतिक सभ्यता को भी दर्शाया जाएगा, जो लोगों को अभूतपूर्व मनोरंजक अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि यहां ख़रीदारी का भी बेहतर अनुभव मिलेगा, जिसके लिए अलग-अलग तरह से स्टाल लगाए जाएंगे, जिनमें हस्तशिल्प, हैंडलूम, कॉस्मेटिक्स, खिलौने और अन्य विविध उत्पाद शामिल होंगे।इसके साथ ही यहां खाने-पीने के शौकीन लोगों का भी बेहद ख्याल रखा गया है, जिसके तहत यहां देश के अलग-अलग भागों के विभिन्न लज़ीज़ व्यंजनों के फूड स्टॉल भी होंगे।यहां हर उम्र के आगंतुकों चाहे वह बुजुर्ग हों, बच्चे हों या फिर व्यस्क हों। सभी के लिए कुछ ना कुछ मनोरंजन और ख़रीदारी के विकल्प का प्रबंध किया जा रहा है। खास तौर पर यहां बच्चों के लिए किड्स प्ले ज़ोन बनाया गया है, जिसमें बच्चों को एक्टिव रखने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस विंटर कार्निवाल का लुत्फ उठाने के साथ ही लोग गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से देश की पहली नमो भारत ट्रेन में जॉय राइड भी ले सकते हैं, जो लोगों के इस अनुभव को और बेहतर व यादगार बना देगा।

# खिलाड़ियों की पिटाई कर नगदी व ट्राफी छिनने वाले दबंगो पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज।नगराम थाना क्षेत्र के एक गांव से फाइनल मैच जीत कर कार से निगोहां लौट रहे खिलाड़ियों पर देवीखेड़ा गांव के पास जबरन रोककर खिलाड़ियों की पिटाई के बाद कार में तोड़फोड़ कर नगदी व ट्राफी छीनकर भगाने वाले एक नामजद समेत तीस अज्ञात के विरूद्व पुलिस ने लूट,मारपीट,तोड़फोड़,बलवा समेत आधा दर्जन गम्भीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर फरार हुये आरोपियो की सरगर्मी से तलाश में जुट गयी है।

ज्ञात हो निगोहां क्रिकेट टीम के कप्तान सर्वेश शुक्ला बुद्ववार की दोपहर को नगराम के रसूलपुर में आयोजित क्रिकेट टूनामेंट में फाइनल मैच जीत?ने के बाद अपने कई खिलाड़ियों समेत उपविजेता सुदौली क्रिकेट टीम के खिलाड़ी रिजवान मोहम्म के साथ अपनी कार से वापस निगोहां लौट रहा था,जैसे ही नगराम के देवीखेड़ा गांव के पास पहुंचे ही थे कि तभी सेमीफाइनल मैच हारे फत्तेखेड़ा टीम के मोहित निवासी फत्तेखेड़ा थाना मोहनलालगंज ने लग्जरी कारो व बाइको से आये तीस से चालीस साथियो के साथ मिलकर कार जबरन रोक कर लोहे की राड व डंडो से हमला कर कार में तोड़फोड़ करते हुये खिलाड़ी सर्वेश शुक्ला व रिजवा?न की जमकर पिटाई कर जान से मारने की कोशिश करते हुये फाइनल मैच में जीती ट्राफी व दस हजार रूपये व उपविजेता टीम के खिलाड़ी की जेब में पड़े 5500रूपये छीनकर मौके से भाग निकले थे।जिसके बाद पीड़ित खिलाड़ियों ने नगराम थाने पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी।थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया पीड़ित खिलाड़ियों की तहरीर पर एक नामजद समेत तीस अज्ञात के विरुद्व लूट,मारपीट,बलवा,तोड़फोड़ समेत आधा दर्जन धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# महाराष्ट्र के कलाकारों ने रामलला के समक्ष की शिव गर्जना, रामभक्त हुए मंत्रमुग्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। महाराष्ट्र के नागपुर से कलाकारों ने गुरुवार को राम जन्मभूमि परिसर पहुंचकर रामलला के समक्ष ढोल व ताशे के साथ शिव गर्जना की। कलाकारों ने भगवा पोशाक में अपने-अपने वाद्ययंत्रों को बजाते हुए कारसेवकपुरम से शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवा झण्डा लिए कलाकारों की टोली थी जो वादन के साथ-साथ झण्डे को लहालहाते हुए चल रहे थे। शिव गर्जना की टोली जब राम जन्मभूमि परिसर पहुंची तो उनका उत्साह चरम पर था।कलाकारों ने रामलला के समक्ष पहुंचकर पारम्परिक ताल शैली में शिव गर्जना की प्रस्तुति की। वैसे यह आयोजन 22 जनवरी को होना था लेकिन प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के नाते उस दिन यह प्रस्तुति नहीं हो पायी थी। इन कलाकारों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आमंत्रित किया गया था। शिव गर्जना की ताल शैली को बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न माना जाता है।

ग्रुप के सदस्य प्रतीक के अनुसार यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है हमें रामलला के समक्ष प्रदर्शन का हमें अवसर मिला। इसके लिए हम ट्रस्ट के आभारी हैं। उन्होंने बताया कि ढोल ताशा एक मराठी लोक परम्परा है। जिसमें ड्रम, झांझ, शंख, घण्टे और भगवा झण्डे शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में गणेश उत्सव के मौके पर सभी पण्डालों में शिव गर्जना होती है।

# लोगों की उम्मीद बन चेहरे पर मुस्कान बिखेर रही विकसित भारत संकल्प यात्राः अनुप्रिया

## विकास खंड नरायनपुर के ग्रामसभा मोहिउद्दीनपुर में जन चौपाल का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मीरजापुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को जिस विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था, वह लोगों की उम्मीद बनकर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखरने का कार्य कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत विकास खंड नरायनपुर के ग्रामसभा मोहिउद्दीनपुर में गुरूवार को आयोजित जनचौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने यह बात कही।उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश के लोगों को यह विश्वास दिला रही है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हम उसे छोड़ने वाले नहीं हैं। देश में करोड़ों लोगों के घर बने, शौचालय बने, उज्ज्वला योजना सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं का उन्हें लाभ मिला है। कहा कि जिन लोगों के बैंकों में खाते नहीं थे उन लोगों का बैंकों में खाता खुला, ताकि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन, किसान योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ पाने में असुविधा न हो। उन्होंने आयुष्मान योजना कार्ड की चर्चा करते हुए कहा कि पांच लाख की मुफ्त स्वास्थ्य सेवा योजना के जरिए करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। लोगों के घर, गांव तक गारंटी की गाड़ी पहुंचकर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने की दिशा में जुटी हुई है।

# योगीराज में नजूल क़ी भूमि पर अवैध निर्माण नगर पालिका की यही पहचान जेई और अमीन कमा रहे माल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा : इसे भूमाफिया व नौकरशाही का गठजोड़ कहें या कुछ और जिला मुख्यालय पर ही पुरानी हनुमानगढ़ी तिराहा मालवीय नगर में नजूल क़ी भूमि को बिना फ्री होल्ड और नक्सा के ही दुकान बनकर खड़ी हो गई हैं।

कहीं मकान तो कहीं बहुमंजिली इमारतें खड़ी हो गईं हैं।न ही कहीं कोई अनुमति और न ही मानचित्र फिर भी धड़ल्ले से नजूल भूखंडों निर्माण से दुकान बन गई हैं कही ना कही नगर पालिका परिषद जेई और अमीन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### मालवीय नगर में नजूल की भूमि पर बन गई दुकान

शहर के मालवीय नगर में स्थित पुरानी हनुमानगढ़ी तिराहे के पास भूमि नजूल यानी सरकारी है।कब्जा किसी का भी हो बिना नक्सा और बगैर फ्रीहोल्ड कराए स्वामित्व नहीं मिल सकता।बावजूद इसके हैरत की बात यह है कि पट्टे की अवध पूरी हो जाने के बाद हनुमानगढ़ी तिराहे के किनारे के स्थित नजूल की भूमि पर अवैध तरीके से दुकानों का निर्माण हो गया है।यही नहीं इन इलाकों में शॉछपग कांप्लेक्स, मार्केट दुकान व मकान धड़ल्ले से बन गए हैं।

### योगीराज में भी हो गया अवैध निर्माण



सूत्र बता रहे हैं कि नजूल के जेई और अमीन के जानकारी में कुछ लोगो का महल जैसा शो रूम भी पूरा बन कर तैयार हो गया पर योगी के राज में गोण्डा नगर पालिका परिषद में हो रहे अवैध निर्माण करने वालों का कुछ नही बिगड़ा बस आप जेई और नजूल विभाग के अमीन को थोड़ा ज्यादा खुश करना पड़ेगा ऐसे में लोगों कहना भी सच लगता है कि ईमानदारी का पाठ दूसरों को पढ़ाने वालों के राज में इतना भ्रष्टाचार कैसे संभव हो रहा है। जहां पर आवासीय पट्टा खत्म होने के बाद भी नजूल कि जमीन पर बिना फ्री होल्ड और बिना नक्से के बीच शहर में नजूल की संपत्ति पर अवैध निर्माण हो जाता है।वही जो भी हो अवैध निर्माण एक तरफ तो गोण्डा नगर पालिकापरिषद की पहचान बन गए है तो दूसरी तरफ भ्रष्ट इंजीनियर और नजूल के अमीन के लिए मोटा माल कमाने का साधन बन गए है सूत्र बता रहे है कि जेई और नजूल विभाग के अमीन नगर पालिका के ईओ हो या सभापति सबको खुश रखते है कभी किसी को नाश्ता तो कभी किसी को पार्टी देते रहते है ये सुन एक सभापति पति बोले कि मालवीय कहावत है कि खुद खावे काकड़ी हमें दे आकड़ी नगरपालिका परिषद में ऐसा ही कुछ हो रहा है और कोई तो है जो इन भ्रष्ट जेई और नजूल के अमीन की अवैध कमाई का हिस्सा ले रहा तभी तो इतना संरक्षण मिल रहा है।वरना इतना लिख देने के बाद भी इन पर कार्यवाही का चाबुक चल जाना था खैर ठीक है हमारा काम है लिखना हमने तो लिख दिया अब लिखें पर कार्यवाही करना या नही करना ये जिला प्रशासन या नगरपालिका परिषद के जिम्मेदार को तय करना है।

### करोड़ों की नजूल भूमि पर बन गईं दुकान

शहर में करोड़ों की नजूल की जमीन पर अवैधानिक ढंग से नजूल की संपत्ति पर दुकान का निर्माण हो गया है।

अधिकांश निर्माण कामर्शियल है।कॉम्पलेक्स और दुकानों को निर्माण किया जा रहा है।कही कुछ कार्य कई महीनों से चल रहा है।बावजूद इसके निर्णायक कार्रवाई नहीं की जा रही है।इससे शासन के आदेश का उल्लंघन होने के साथ ही अवैध कार्य को बढ़ावा मिल रहा है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर गति शक्ति उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें दोहरा पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | जीएसयू–एलकेओ–एसएनटी–डीडी–डीएफसी–रूट (दूसरी कॉल) |
| कार्य का नाम | "लखनऊ मंडल पर डीएफसी फीडर मार्गों (एएमजी–यूटीआर–जेडबीडी–एसओपी, जेडबीडी–जेएनयू (ईएक्स), एबीपी (ईएक्स)–टीडी और यूसीआर–पीएफएम) के संबंध में डबल डिस्टेंस का प्रावधान।" |
| अनुमानित लागत | रु 180598539.14 /– |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 1053000.00 /– |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 26.02.2024 at 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in उप. चीफ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता / गति शक्ति कार्यालय / म.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०–जीएसयू–एलकेओ–एसएनटी–डीडी–डीएफसी–रूट (दूसरी कॉल) दिनांक: 25.01.2024 297/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोशिएसन द्वारा राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कराया सुन्दर काण्ड पाठ व दीपोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगज।लखनऊ । तेलीबाग वृन्दावन कालोनी सेक्टर 5 ई में अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोशिएसन की तरफ से श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रसिद्ध भजन गायको द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ बड़े धूम धाम से कराया गया , लगभग 500 वर्षों का सपना पूरा हुआ , भगवान टेन्ट से निकलकर नव्य भब्य दिव्य रूप में अपने राजमहल में विराजमान हुए । जिसका भब्य नजारा पूरे विश्व में दिखा , आखिरकार अयोध्या समेत पूरा विश्व मानवता एवं दिवाली के रूप में इस दिन को स्मरण रखेगा, वेद पुराणो में विदित है कि अयोध्या धाम सरयू नदी के पावन तट पर स्तिथ है , यह पवित्र स्थल हजारो किस्से कहानियो का शहर है, राजा दशरथ , राम लक्ष्मण, माता सीता, वीर हनुमान का जिक्र होते ही मन में रामायण काल के चलचित्र पात्र सजीव हो उठते हैं । जिसे शत्रु न जीत सके वही अयोध्या है, कवि बाल्मिकी और तुलसीदास के अनुसार अयोध्या के इसी पावन धरा पर श्री राम लला का अवतरण हुआ था , उनकी लीलाये , चमत्कार और अवतार के भावपूर्ण किस्से कौन नही जानता । भगवान श्री राम सब के है , भगवान श्रीराम का चरित्र ही उनको भगवान बनाता है , उनके द्वारा भाईयो का प्रेम व माता पिता के प्रति प्रेम व बचन निर्वाहन तथा राज धर्म का पूर्ण रूपेण पालन हमें प्रेरणा देता है ।

अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोशिएसन के अध्यक्ष एस0 के0 द्विवेदी ने लोगो से विनम्र प्रार्थना की है कि श्री राम के पद चिन्हो पर चलते हुए स्वयं व समाज को गौरवानन्ति करे व अपने धर्म का निष्ठा पूर्वक पालन करे तथा मानवता को जगाए । सभी श्रद्धालुओ ने सुन्दरकाण्ड पाठ का रसपान किया तथा उपस्तिथ भक्त गण को प्रसाद वितरण कर, दीपोत्सव का शुभआरम्भ किया।इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष एस0 के0 द्विवेदी , महासचिव उमा शंकर बाजपेई , उपाध्यक्ष सरनाम सिंह वर्मा , कोषाध्यक्ष अफसरी खाँन , दिव्यांग सचिव रमेश कुमार ओझा , प्रसार प्रचार मंत्री हेमन्चल वर्मा , खरिका वार्ड प्रथम के समाज सेवक मो0 शकील सलमानी , समाज सेविका सोनाली गुप्ता , सर्व समाज उद्योग व्यापर मंडल शारदा नगर ईकाई के अध्यक्ष नुरुल हुदा , व्यापारी अवधेश गुप्ता, संस्था के सदस्य गण अभय प्रताप सिंह, रवि गुप्ता, अनीता गुप्ता, अनीता ओझा, आकाश जयसवाल , कैलाश तिवारी, अंकित ओझा , रामू ओझा , आशीष कुमार मिश्रा , प्राची मिश्रा , प्राची शुक्ला, शत्रुधन कश्यप , विजय रावत , ठाकुर शिवमगन सिंह, हरी शंकर शर्मा , कमलेश शर्मा, करुना शंकर चौरसिया , सुरेश यादव , संजय यादव , एडोवकेट एन0 पी0 मिश्रा , सी0 एल0 चौरसिया , सलीम खाँन , मुशीर अहमद , अमरेन्द्र वर्मा , राम मूरत गुप्ता , शिव मूरत गुप्ता , रामनाथ गुप्ता , राज्य महिला आयोग की काऊन्सलर रिषी भट्ट तथा सैकड़ो की सख्या में श्रद्धालु जन ने उपस्तिथ रहकर प्रसाद ग्रहण किया ?

# रामलीला मैदान में चल रहे श्रीराम महोत्सव के तीसरे दिन स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रतियोगितायें हुई संपन्न



पूरनपुर।श्री राम जन्मभूमि अयोध्या मंदिर में 22 जनवरी को राम लला प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर रामलीला मैदान पूरनपुर में नगर पालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा श्री राम महोत्सव पूरनपुर का आयोजन कराया जा रहा है जो 22 जनवरी से भव्य ढंग से चल रहा है और जिसका समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के पश्चात होगा। 24 जनवरी बुद्धवार को स्कूली बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस रामायण थीम पर आधारित, सांस्कृतिक व धार्मिक सामूहिक नृत्य, जूनियर व सीनियर वर्ग में एकल नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें शहरी लगभग सभी विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में आर एस आर डी सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने बाजी मारी, सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रथम,पंचम दास इंटर कॉलेज द्वितीय व बचपन स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में आर एस आर डी सरस्वती विद्या मंदिर ने प्रथम, सनातन धर्म इंटर कॉलेज ने द्वितीय व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में ओपन प्रतियोगियों ने बाजी मारी जिसमें निष्ठा प्रथम, यति द्वितीय व आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस सांस्कृतिक भव्य प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री डॉ विनोद तिवारी,विशिष्ट अतिथि पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान के साथ प्रमुख रूप से विजय नागी,हर्ष गुप्ता, हर्ष प्रधान, ब्रजेश गुप्ता,संजय गुप्ता, सुभाष मिश्रा,संजय मिश्रा, मुरलीधर तिवारी, वेद तिवारी, अर्पण तिवारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संयोजक व मंच संचालक लकी चिल्ड्रेन स्कूल के एमडी डॉ.अमन नागी, निर्णायक मण्डल में संगीता सिंघल और गीता राठौर एवं व्यवस्थापन में सौरभ सक्सेना, विवेक तिवारी, ठाकुर प्रदीप मुखिया व मानस शुक्ला की भूमिका रही।

## नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कंपोजिट विद्यालय मंगदपुर पहुंचे बीएसए डाला उनकी जीवनी पर प्रकाश

पीलीभीत।जनपद के ब्लॉक मरौरी में स्थित कंपोजिट विद्यालय मंगदपुर में पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों से उनके आदर्श पर चलने का आवाहन किया।नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती समारोह पराक्रम दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गया। इस अवसर कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम सहगल,शिक्षक,स्टाफ एवं छात्रों ने नेताज़ी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन व्यक्त किया। जयंती के अवसर पर प्रधानाध्यापिका पूनम सहगल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस बेहदयोग्य व्यक्तित्व थे। उन्होंने 1920 में इंग्लैंड में सिविल सर्विस एग्?जाम पास किया था। इस परीक्षा में नेताजी का चौथा स्थान आया था। यह और बात है।कि देश कीआजादी के लिए उन्होंने पद त्यागकर आंदोलन में कूदने का फैसला लिया।आजादी के लिए नेताजी का नजरिया बड़ा साफ था। उन्हें पता था। कि आजादी थाली में परोस कर नहीं मिलेगी। इसकी देशवासियों को कीमत चुकानी पड़ेगी। नेताजी की जयंती पर आधारित फिल्म भी बच्चो को दिखाई गई।

## रामलीला मैदान पर चल रहे राम महोत्सव के तीसरे दिन लगा खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार उपस्थित रहे सैकड़ो भक्त

पूरनपुर।अयोध्या राम मंदिर में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा आयोजित श्री राम महोत्सव 22 जनवरी से 26 जनवरी तक के तीसरे दिन शाम 6:00 बजे श्री लखदातार सेवक परिवार ट्रस्ट पूरनपुर द्वारा श्री खाटू श्याम बाबा का विशाल दरबार लगाया गया। कड़ाके की ठंड होते हुए भी भक्तों का उत्साह कम नही हुआ। भक्त राम व श्याम भजनों पर झूमते हुए दिखे।कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन हुआ। आये हुए अतिथियों एवं भक्तों का नगर पालिका चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने हार्दिक स्वागत किया।इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री डॉ विनोद तिवारी, राम बहादुर गुप्ता, नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, सौरभ सक्सेना 'रासू',वेद तिवारी, मुरलीधर तिवारी, समाजसेवी संदीप खंडेलवाल, ब्रजेश गुप्ता, हर्ष गुप्ता,अक्षत शिवांग तिवारी, अर्पण तिवारी, प्रदीप ठाकुर 'मुखिया',मानस शुक्ला, अम्बर मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने कर्मचारियों को दिलाई मतदान जागरूकता की शपथ

### पहली बार मतदाता बने दर्जन भर युवाओ समेत अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज।मोहनलालगंज तहसील सभागार में गुरूवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य ने तहसीलदार आनन्द तिवारी समेत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखकर निर्भीक एवं धर्म वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।उपजिलाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक, उत्साहित करने के उद्देश्य से ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस दिन मतदाताओं को अपने वोट का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाता है ताकि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए एक अच्छी सरकार का गठन करने में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है, जिसमें सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार प्राप्त है।एसडीएम व तहसीलदार ने पहली बार मतदाता सूची में शामिल दर्जन भर युवाओ को पुष्प गुच्छ भेटकर सम्मानित किया। अच्छा कार्य करने वाली बीएलओ को भी प्रशस्त्री पत्र देकर सम्मानित किया गया।गोष्ठी में बीडीओ मोहनलालगंज व गोसाईगंज नही पहुंचे। खंड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह,नायाब तहसील भानु त्रिपाठी,अनुपम वर्मा,गुरमीत कौर,बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला ने गोष्ठी में मतदाता जागरूकता पर चर्चा की।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित हुई रैली सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी

पीलीभीत।पी0सी0पी0एन0डी0टी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत ‟राष्ट्रीय बालिका दिवस” के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ डॉ0 आलोक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीलीभीत द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। रैली में विभिन्न ब्लाकों से आये कम्युनिटी हैल्थ ऑफिसर के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। रैली का समापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार कक्ष में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी के रूप में हुआ। गोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार ने प्रदेश में घट रहे लिंगानुपात के विषय में चिंता व्यक्त करते हुये गर्भस्थ भ्रूण के लिंग की जॉच कराना करना कानूनी अपराध है के बारे में विस्तार से बताया।

## बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के महोंना में सपा का पीडीए पखवाड़ा आज

बीकेटीसमाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक मुस्लिम पखवाड़ा मनाने के आवाहन पर समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद नदवी के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र बख्शी का तालाब के नगर पंचायत महोना में आज सैयद राशिद मियां की दरगाह पर पीडीए पखवाड़ा मनाया जाएगा,जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष फिदा हुसैन अंसारी,लखनऊ के जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत,पूर्व विधायक गोमती यादव,पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, मोहनलालगंज लोकसभा के प्रत्याशी सीएल वर्मा,समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव अकरम सिद्दीकी एवं समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव शाह आलम कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे,समाजवादी पार्टी एवं पीडीए की नीतियों को जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह का कार्यक्रम पूरे प्रदेश भर में चलाया जा रहा हैं,जिसमें अगड़े पिछड़े दलित अल्पसंख्यक किसान नौजवान मजदूर छात्र-छात्राएं महिलाएं सबको साथ लेकर चलने का संकल्प एवं घर-घर जाकर समाजवादी पार्टी एवं पीडीए की नीतियों को पहुंचाने का काम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता करेंगे।पीडीए पखवाड़ा के आयोजक समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मोहम्मद अकील खान ने यह जानकारी दी।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।मुख्य विकास अधिकारी श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति/मध्यान्ह भोजन समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 1499 विद्यालयों में 1436 विद्यालयों को आपरेशन कायाकल्प से संतृप्त किया जा चुका है, अवशेष विद्यालयों को शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये नियमित विद्यालयों का निरीक्षण करें तथा विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ने पर जोर दें। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालयों में फर्नीचर के सम्बन्ध में जानकारी ली, इस अवगत कराया गया फर्नीचर उपलब्ध कराया जा रहा है तथा जिन विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था नही है उनमें शौचालय वनवाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जर्जर विद्यालय की समीक्षा की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के 151 जर्जर विद्यालयों की नीलामी की जा चुकी है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये शासन से स्वीकृत विद्यालयों का निर्माण कराना सुनिश्चित किया जाये तथा स्वीकृत विद्यालय का निर्माण कार्य प्रारम्भ नही कराया गया उनकी जांच कर निर्माण कराना सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद के 72 विद्यालयों में चाहरदीवारी, 13 विद्यालयों में बालक शौचालय, 15 विद्यालयों में बालिका शौचालय, 62 विद्यालयों में पंखे/ एलईडी बल्ब एवं 21 विद्यालयों में मरम्मत कार्य कराने हेतु धनराशि भेजी चुकी है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये उक्त कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में डीबीटी की समीक्षा के दौरान 91 प्रतिशत खातों में धनराशि भेजी जा चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि दिनांक 16.01.2024 से 750 नोडल टीचर्स व प्रधानाध्यापकों को 90 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी कस्तूरबा गांधी विद्यालय निर्माणाधीन है उनकों तेजी से कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की 11 बालिकाओं को आधार वेरिफिकेशन का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। मध्यान्ह भोजन की समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 66 प्रतिशत बच्चों द्वारा भोजन प्राप्त किया जा रहा है।बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी,जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी,एलडीएम,जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला पूर्ति अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की 68 दुकानदारों को एसडीएम ने भेजे नोटिस

### तीन दिन में स्वामित्व संबंधी अभिलेख पेश करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। बिंलसडा में नगर की पुरानी गल्ला मंडी में स्थित श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की वेश कीमती जमीन पर अवैध रूप से दुकाने एवं कोठियां बनवाकर किए गए कब्जे के मामले में एसडीएम ने जांच के उपरांत अब शिकंजा कसना शुरू कर दिया है जिसके चलते सभी दुकानदारों को एसडीएम ने नोटिस जारी किए हैं जिसमें 3 दिन के अंदर दुकान के स्वामित्व संबंधी अभिलेख पेश करने का निर्देश दिया है उधर प्रशासन की इस कार्रवाई से सभी दुकानदारों में हड़कंप मच गया है जो अरसे से काबिज होने के बावजूद ट्रस्ट को एक धेला भी किराया नहीं दे रहे थे।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक ,कुछ दिन पहले कस्बे के मोहल्ला पक्का तालाब निवासी संतोष वर्मा ने तहसील दिवस शिविर में डीएम के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने ट्रस्ट की करोड़ों रुपए की कीमती जमीन पर करीब 68 दुकानें बनी होने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया था

बताते हैं कि कबजेदारों ने आज तक ट्रस्ट में किराए के नाम पर ढेला भी जमा नहीं किया है जिस पर एडीएम राम सिंह गौतम ने एसडीएम बीसलपुर महिपाल सिंह से बिंदु बार रिपोर्ट तलब की इसके बाद एसडीएम ने इस मामले की चार बिंदुओं पर बिलसंडा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ऋषिकांत राजवंशी से रिपोर्ट तलब की लेकिन उनके द्वारा सभी बिंदुओं पर कोई जानकारी नहीं होने की बात कह कर रिपोर्ट दी गई एसडीएम के द्वारा मांगी गई बिंदुवार जांच में ट्रस्ट की जमीन पर कुल कितनी दुकानें बनी होने और उन पर कौन-कौन व्यक्ति काबिज है क्या उनसे किराया वसूला जा रहा है इतना ही नहीं उन्होंने काबिज लोगों को नियमानुसार जगह का आवंटन किए जाने के बाबत विस्तृत रिपोर्ट देनी थी परंतु मामले में लीपा पोती करते हुए बिलसंडा नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कोई जानकारी नहीं होने का जिक्र करते हुए रिपोर्ट दी गई इसके बाद एसडीएम महिपाल सिंह और क्षेत्रीय लेखपाल नीरज राठौर ने 15 जनवरी 2024 को स्वयं आकर जांच की जांच के दौरान कई दुकानदारों ने दुकानों का बैनामा होने की बात तो कहीं परंतु मौके पर किसी भी दुकानदार ने बैनामा नहीं दिखा पाया यही वजह है कि एसडीएम ने ऐसे सभी दुकानदारों को अब नोटिस जारी किया है जिसमें उन्होंने तीन दिन के अंदर दुकानों के स्वामित्व संबंधी अभिलेख पेश करने का निर्देश दिया है उधर प्रशासन की इस कार्यवाही से ऐसे सभी दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है जो अवैध रूप से ट्रस्ट की जमीन पर बरसों से काबिज है बता दे कि सपा शासन काल में जब मामले में तूल पकड़ा तो तत्कालीन तहसीलदार नन्हे सिंह ने इस मामले की जांच की थी कोई कार्यवाही अमल में आ पाती इससे पहले ही उनका स्थानांतरण हो गया था ।

# निगोहां,गढी,मेंहदौली,कनकहा,डिघारी,बैरीसालपुर गांवो में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

### विधायक व ब्लाक प्रमुख ने जनचौपाल लगाकर ग्रामीणो को दी सरकारी योजनाओ की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज।मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाने के लिये शुरु हुयी विकसित भारत संकल्प यात्रा बुद्ववार व गुरूवार को मोहनलालगंज विकासखंड क्षेत्र के निगोहां,कनकहा,गढी मेहदौली,डिघारी,बैरीसालपुर गांवो में पहुंची जहां मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत व ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने बीडीओ पूजा सिंह समेत सभी प्रधानो की मौजूदगी में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणो को सरकारी योजनाओ की जानकारी दी।इस मौके पर विकास,राजस्व, कृषि,स्वास्थ,समाज कल्याण समेत सभी विभागो ने शिविर लगाकर योजनाओ के लाभ से वंचित लोगो को लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से उनके फार्म भी भरे।विधायक व ब्लाक प्रमुख ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियो को प्रमाण पत्र व आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित किये।इस मौके पर शिशुओ का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओ की गोदभराई भी कराई गयी।बेसिक विद्यालय के बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुत देकर अतिथियों का मन मोह लिया।अतिथियों ने आगंनबाड़ी कार्यकत्री व आशाबहुओ समेत अन्य कर्मचारियों को शाल भेटकर सम्मानित किया।विधायक व ब्लाक प्रमुख ने ग्रामीणो को भारत को विकसित बनाने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर एडीओ पंचायत अशोक यादव, विधानसभा संयोजक शम्भू नाथ पांडे, समाजसेवी सुरेन्द्र दीक्षित सिंह,मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह,मडंल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह,निगोहां प्रधान अभय दीक्षित,बैरीसालपुर प्रधान अनुपम,गढी मेहदौली प्रधान सरिता,कनकहा प्रधान मंशाराम,डिघारी प्रधान प्रतिनिधि ज्ञान सिंह यादव,माया राम त्रिपाठी,जावेन्द्र तिवारी,प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी,प्रधान विकास पटेल, समेत काफी संख्या में भाजपा नेता व महिलाये व ग्रामीण मौजूद रहें।

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



Ks Law Chamber



अपर्णा श्रीवास्तव
अधिवक्ता
हाईकोर्ट लखनऊ
मो.84100231200

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
( व्हाइट शर्ट में फुरकान फारुकी है ।
दूसरे वाले का नाम अतीक अहमद )
अमीर हसन कालेज ऑफ फार्मेसी (2048)
इमामगंज रोड, नानपारा, बहराइच
आमिर हसन कालेज ऑफ फार्मेसी (2546)
बाबागंज, बहराइच

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला कार्यक्रम प्रबंधक
स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) गोंडा

समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विपिन सिंह
जिला संवाददाता
कैनविज टाइम्स बहराइच

# न्याय यात्रा में अवरोध के निहितार्थ

14 जनवरी को मणिपुर से प्रारम्भ हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को जिस प्रकार से उत्तर-पूर्व के सबसे बड़े राज्य असम में रोकने की कोशिशें हो रही हैं, वह पूरी तरह से गैर लोकतांत्रिक तो है परन्तु उनसे अन्य महत्वपूर्ण संकेत मिल रहे हैं। देश के 15 राज्यों से होती हुई 6700 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा मुम्बई में 20 मार्च को खत्म होगी। यह श्हाई ब्रीडश यात्रा कही जा रही है जिसमें राहुल कुछ फासला अपने वाहन से तय करेंगे जो इस काम के लिये विशेष रूप से निर्मित किया गया है और कुछ पैदल। यह सभी को याद है कि इसके पहले राहुल सितम्बर, 2022 में तमिलनाडु के कन्याकुमारी से श्रीनगर तक का पैदल मार्च कर चुके हैं जो 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त हुआ था। पिछली यात्रा को ध्यान में लाने का मकसद यह है कि उस लगभग 3200 किमी की यात्रा में किसी भी सरकार द्वारा कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं किया गया था। यहां तक कि केन्द्र सरकार की ओर से भी नहीं। भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं ने अवश्य ही उन पर फब्तियां कसी थीं या गैरजरूरी किस्म के बयान दिये थे जिनका उद्देश्य कांग्रेस का मनोबल गिराना था। हां, जम्मू में एकाध जगह पर राहुल की सुरक्षा सम्बन्धी कुछ प्रश्न खड़े हुए थे जिसमें स्थानीय प्रशासन ने इसके पहले कि कोई अनहोनी हो जाये, सुधार कर लिया था। इस बार की यात्रा अभी तक 10 दिनों की हो चुकी है। फिलहाल वह उत्तर-पूर्व में ही है। मणिपुर के बाद वह नगालैंड होती हुई असम पहुंची, फिर अरूणाचल प्रदेश गयी। वहां एक दिन रहकर राहुल ने फिर से असम में प्रवेश किया। यहां वे 25 तक रहेंगे तत्पश्चात उनकी यात्रा मेघालय जा रही है। पहली बार जब राहुल 19 जनवरी को गुवाहाटी पहुंचे, तो उन्होंने अपने भाषण में राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट सीएम बतलाते हुए कहा कि उनका पूरा परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त है। इससे बौखलाये हिमंता ने राहुल को चुनौती दे डाली कि वे शहर के भीतर से अपनी यात्रा न निकालें। अगर राहुल ने ऐसा किया तो उनके खिलाफ सीधे मामला दर्ज होगा और चुनाव के बाद गिरफ्तारी होगी। यह टकराव बढ़ गया जब 22 जनवरी को उन्हें नगांव के शंकरदेव मंदिर जाने से रोक दिया गया। वे सड़क पर ही बैठ गये। कांग्रेस के केवल दो नेताओं को ही जाने की अनुमति मिली। स्थिति और भी खराब हो गई जब रविवार को उनके काफिले पर हमला हुआ और यात्रा सम्बन्धी पोस्टर फाड़ दिये गये। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश की कार पर भी हमले हुए तथा वहां के कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा को चोटें आईं। मामला मंगलवार को अधिक बिगड़ गया जब न्याय यात्रा को गुवाहाटी में रोकने के लिये पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। इसे हटाकर जब कांग्रेसी आगे बढ़ने लगे तो पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज किया। इतना ही नहीं, राहुल के खिलाफ एफआईआर करने के आदेश भी श्री बिस्वासरमा ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को दिये हैं। पुलिस के अनुसार काम का दिन होने के कारण यात्रा को शहर के भीतर से जाने के लिये मना किया गया था क्योंकि इससे शहर का यातायात प्रभावित होता। इस पर कांग्रेस का कहना है कि जब उसी रास्ते से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली निकल सकती है और बजरंग दल वाले जुलूस ले जा सकते हैं तो उन्हें अनुमति देने में क्या दिक्कत है। ये सारी कार्रवाइयां बतला रही हैं कि भारतीय जनता पार्टी की न केवल असम की वरन केन्द्र सरकार भी यात्रा से घबराई हुई है। हिमंता एवं उनका परिवार शारदा चिट फंड घोटाले में फंसे हुए बताये जाते हैं इसलिये वे पूरी तरह से भाजपा व केन्द्र के रहमो-करम पर हैं। उन्होंने कांग्रेस में 15 वर्ष बिताए थे और जब उन पर सीबीआई का शिकंजा कसा, तो वे भाजपा में चले गये। केन्द्र के आदेशों का पालन करना उनकी मजबूरी है। साथ ही वे पूरे उत्तर-पूर्वी राज्यों के विकास हेतु बने नॉर्थ ईस्ट डेवलपमेंट एजेंसी (नेडा) के अध्यक्ष भी हैं। जिस प्रकार से राहुल की स्वीकार्यता एवं लोकप्रियता इस क्षेत्र में बढ़ी है, उससे भाजपा व खुद हिमंता को अपनी जमीन खिसकती हुई दिख रही है। उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चिंता है कि उनके राज्य समेत पूरे उत्तर-पूर्व भारत में यदि भाजपा का प्रदर्शन ठीक न रहा तो उसका ठीकरा उन्हीं के सिर पर फोड़ा जायेगा।

# राघव रंग में डूबा भारतीय गणतंत्र

**(गणतंत्र दिवस विशेष)**

अरुण की लालिमा फैलने लगी, दसों दिशाओं में भारत की गूंज उठने लगी, वैश्विक रूप से मजबूत होता भारत अमृत काल की अमृत बेला का नेतृत्व करने लगा, विश्व में भारत भारती का जयघोष होने लगा, क्या अमेरिका, क्या ब्रिटेन, सभी राष्ट्राध्यक्ष अब केवल भारत की नीतियों से चमत्कृत हो रहे हैं। जब पश्चिम अपनी सांध्य बेला में भारत की बाँसुरी को सुनकर आनंदित हो रहा है, नीतियों में शिक्षा, जनसँख्या नियंत्रण, स्वरोजगार प्रथम हो रहा है, 'मेक इन इंडिया' और स्टार्टअप भारत वाला प्रभाव अब विश्व को भारत की ओर आकर्षित कर रहा है, साथ-साथ भयाक्रांत भी कर रहा है कि अब भारत एक्सपोर्टर भारत है जहाँ इम्पोर्ट कम और एक्सपोर्ट अधिक है। आर्थिक स्वाधीनता और आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम देश की आधारभूत लोकतंत्रीय व्यवस्था का ही परिणाम है और इसी कारण अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आई मधुरता और वैश्विक रूप से स्वीकार्यता में वृद्धि भारत की गणतंत्रीय सबलता के सर्वव्याप्त यश का ही प्रतिफल है।

भारत की गणतंत्रीय गरिमा भी अपने 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। सन् 1949 को तैयार हुआ व 1950 को लागू हुआ भारत का संविधान 75वें वर्ष में जागृत और निष्कलंक रहा, सब जगह उँगलियाँ उठीं पर भारत के संविधान से भारतवंशियों की आस्था कम नहीं हुई। भारत के संविधान के निर्माताओं ने प्रथम पृष्ठ पर रामदरबार इसीलिए चुना भी है कि भारत का राजकाज भी रामराज्य जैसा ही न्यायप्रिय, संवेदनशील, सजग और सहानुभूति कारक हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के पंच प्रण के साथ आगे बढ़ता भारत इस वर्ष तो लगभग 500 वर्षीय विवाद का हल भी दे गया जिसमें लोग अयोध्या में स्थित आराध्य राम की जन्मभूमि पर राम लला के मंदिर निर्माण का साक्षी बनकर गणतंत्र भी राघवमय हो रहा है। भारत के संविधान पर आस्था इसलिए भी होनी चाहिए क्योंकि जिस संविधान ने यह स्पष्ट किया कि भारत राज्यों का एक संघ है। यह संसदीय प्रणाली की सरकार वाला एक स्वतंत्र प्रभुसत्ता सम्पन्न समाजवादी लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार शासित है जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को ग्रहण किया गया तथा जो 26 जनवरी 1950 को प्रवृत्त हुआ। भारतीय संविधान की उद्देशिका यह कहती है कि 'हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली, बन्धुता बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्पित होकर अपनी संविधानसभा में 26 नवम्बर 1949 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत 2006 विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। ऐसे महान उद्देश्यों और मनोभावों वाली संरचना से ही भारत की अखण्डता अक्षुण्ण है। भारत की आधारभूत मजबूती और संघीय संरचना का केंद्र भारतीय संविधान है। इसी ने गण और तंत्र के बीच मध्यस्थ की भूमिका में पुल बनाकर राष्ट्र को सबल किया है। विगत एक दशक में भारत के संविधान में आश्चर्यजनक परिवर्तन नजर आए जैसे कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हट जाना और फिर कश्मीर समस्या का हल ही हो जाना, तीन तलाक जैसी विषैली और मुस्लिम स्त्री विरोधी व्यवस्था का ध्वस्त हो जाना, कई सौ बेकार के कानूनों का संविधान से लोपित हो जाना, एक देश-एक विधान-एक निशान जैसी व्यवस्था का निर्माण हो जाना, संविधान प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करके हर व्यक्ति को उसका मौलिक अधिकार रोटी, कपड़ा और मकान मिलना भी राजनीति की उत्कृष्ट मंशा का सुफल है। इसी के साथ 1884 से न्यायालयों में विचाराधीन रखे जन्मभूमि विवाद को हल करके 22 जनवरी 2024 को मंदिर में राष्ट्रदेव राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करके यह सन्देश दे दिया कि भारत विवाद नहीं बल्कि विस्तार चाहता है। आन्तरिक या कहें घरेलू विवादों को सिरे से हल करने की राजनैतिक मंशा का हमेशा स्वागत होना

**भारत की गणतंत्रीय गरिमा भी अपने 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। सन् 1949 को तैयार हुआ व 1950 को लागू हुआ भारत का संविधान 75वें वर्ष में जागृत और निष्कलंक रहा, सब जगह उँगलियाँ उठीं पर भारत के संविधान से भारतवंशियों की आस्था कम नहीं हुई। भारत के संविधान के निर्माताओं ने प्रथम पृष्ठ पर रामदरबार इसीलिए चुना भी है कि भारत का राजकाज भी रामराज्य जैसा ही न्यायप्रिय, संवेदनशील, सजग और सहानुभूति कारक हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के पंच प्रण के साथ आगे बढ़ता भारत इस वर्ष तो लगभग 500 वर्षीय विवाद का हल भी दे गया जिसमें लोग अयोध्या में स्थित आराध्य राम की जन्मभूमि पर राम लला के मंदिर निर्माण का साक्षी बनकर गणतंत्र भी राघवमय हो रहा है। भारत के संविधान पर आस्था इसलिए भी होनी चाहिए क्योंकि जिस संविधान ने यह स्पष्ट किया कि भारत राज्यों का एक संघ है। यह संसदीय प्रणाली की सरकार वाला एक स्वतंत्र प्रभुसत्ता सम्पन्न समाजवादी लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह गणराज्य भारत के संविधान के अनुसार शासित है जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को ग्रहण किया गया तथा जो 26 जनवरी 1950 को प्रवृत्त हुआ। भारतीय संविधान की उद्देशिका यह कहती है कि 'हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित कराने वाली, बन्धुता बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्पित होकर अपनी संविधानसभा में 26 नवम्बर 1949 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत 2006 विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। ऐसे महान उद्देश्यों और मनोभावों वाली संरचना से ही भारत की अखण्डता अक्षुण्ण है। भारत की आधारभूत मजबूती और संघीय संरचना का केंद्र भारतीय संविधान है। इसी ने गण और तंत्र के बीच मध्यस्थ की भूमिका में पुल बनाकर राष्ट्र को सबल किया है।**



चाहिए, वह हो भी रहा है। संविधान लागू होने के साथ ही बीते 74 वर्ष में भारत ने राजधर्म और प्रजाधर्म का पालन संविधान प्रदत्त शक्तियों की सहायता से ही किया है और इसी राजधर्म के केंद्र में राम राज्य की संकल्पना भी हमेशा रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम के राज्य की सत्यनिष्ठ, धर्मप्रधान और न्यायपूर्ण राजनीति भारत के बौद्धिक विकास की आधारशिला रही है। इसी आधारभूत संरचना के सहारे आज भारत में रामलला की जन्मभूमि पर उनका मंदिर निर्मित हो पाया है। संवैधानिक शक्तियों और न्यायपालिका के निर्णय ने ही यह बताया कि राघव की जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण होगा। रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा था कि 'ये भारत के विकास का अमृतकाल है। आज भारत युवा शक्ति की पूंजी से भरा हुआ है, ऊर्जा से भरा हुआ है। ऐसी सकारात्मक परिस्थितियाँ, फिर न जाने कितने समय बाद बनेंगी। हमें अब चूकना नहीं है, हमें अब बैठना नहीं है। मैं अपने देश के युवाओं से कहूँगा, आपके सामने हज़ारों वर्षों की परंपरा की प्रेरणा है। आप भारत की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं...जो चांद पर तिरंगा लहरा रही है, जो 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करके, सूर्य के पास जाकर मिशन आदित्य को सफल बना रही है, जो आसमान में तेजस... सागर में विक्रांत...का परचम लहरा रही है। अपनी विरासत पर गर्व करते हुए आपको भारत का नव प्रभात लिखना है। परंपरा की पवित्रता और आधुनिकता की अनंतता, दोनों ही पथ पर चलते हुए भारत, समृद्धि के लक्ष्य तक पहुँचेगा। राघवमय गणतंत्र के मूल में राम की शिक्षाएँ, नीति, व्यवस्थाएँ और विकसित भारत की तैयारी है। राघव के आने से राघवमय भारत हुआ है, भारतीय गणतंत्र हुआ है और निःसंदेह गणतंत्र की स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश पूर्णरूपेण राघवमय है। अयोध्या में हुए मंदिर निर्माण के सहारे जनता में न्यायपालिका के प्रति विश्वास बढ़ा भी है और यह सन्देश भी गया कि राघव के मंदिर के निर्माण पर हो रहे सैंकड़ो वर्षों के विवाद का हल भी भारत के संविधान में प्रदत्त शक्तियों के द्वारा ही हुआ है। इसीलिए 2024 का गणतंत्र राघवमय है। **– डॉ. अर्पण जैन 'अविचल'**

# अमीरुल मोमिनीन हज़रत अली

**आरिफ नगरामी**

इन्शाह अल्लाह कल 13 रजबुल मुरज्जब के दिन पूरे आलमे इस्लाम के साथ साथ इल्म व अदब के मरकज लखनऊ में भी मुसलमानों के चौथे खलीफा, दमाद रसूल स0अ0 हजरत अली रजि0 का यौमे विलादत शान व शौकत और अदब व एहतेराम के साथ मनाया जायेगा। मजहबे इस्लाम में किसी भी शख्स का यौमे विलादत या यौमे वफात मनाना मना है क्योंकि यह दोनों रस्में गैर इस्लामी हे। लेकिन उन अजीम हस्तियों को याद करना या अवाम के सामने उनकी जिन्दगी के हालात को पेश करना जिससे लोग कुछ सीख सकें। या सबक ले सकें। इस हद तक सही है कि उस शख्स के यौमे विलादत या यौमे वफात पर कोई प्रोग्राम न रखा जाये बल्कि किसी और दिन उसके बारे में बताया जाये। रसूल करीम स0अ0 की वफात के बाद आपके पैगाम की नश्रो इशाअत को जारी व सारी रखने के लिए खुलफाए राशदीन ने अपने कौल व अमल और किरदार से अवाम की रहनुमाई का फरीजा अन्जाम दिया। खुलफाए राशदीन का यह सिलसिला खलीफाए अव्वल हजरत अबू-बरक सिद्दीक़रह0 से शुरू होकर खलीफाए चहर्रूम हजरत अली रजि0 पर खत्म होता है। हजरत अली रजि0 तारीख इस्लाम का वह इन्तेहाई मुकद्दस और मोहतरम नाम है। जिसे रसूल करीम स0अ0 की सोहब व माइय्यत का ही नही बल्कि आप के अलहे बैत के जुमरे में शामिल रहने और आप स0अ0 के हिजरत मदीना मुनव्वरा के वक्त रसूल करीम की नियाबत का शर्फ भी हासिल रहा। शेरे खुदा हजरत अली रजि0 जामे कुरआन भी थें और नबी आखरूज्जमा के इन्तेहाई लाडले भी, उन्हे यह भी एजाज हासिल था कि वह नबी हाशिम के अव्वलीन खलीफा भी रहे रसूले खुला स0अ0 के साथ तमाम गजवात में शामिल रहे। हजरत अली रजि0 की जिन्दगी हिम्मत, जुर्रत, सखावत व फय्याजी के इतने वाकियात है कि उनके लिए हजारों सफहात भी नाकाफी है। आप रजि0 के एखलाक व आदात के तजकिरे के लिए किताबों के ज़खीरे दरकार है अपन रजि0 फजाएल के तजकिरे यही काफी है कि वह रसूले करीम स0अ0 के दादाम थें जन्नत में ख्वातीन की सरदार हजरत फातिमा रजि0 के शौहर नामदार थे और रसूल करीम स0अ0 के लाडले और जिनके नवासों हजरत हसन रजि0 और हजरत हुसैन रजि0 के वालिद महशर थे। हजरत अली करम उल्लाह वजहू की इससे बड़ी फजीलत और क्या होगी। कि उनके बारे में मोहम्मद मुस्तफा स0अ0 का इरशाद है कि जिसका मैं दोस्त हूं उसके अली भी दोस्त हैं। रसूल स0अ0 खुद को इल्म और अली रजि0 को उसका दरवाजा बता कर आप रजि0 आलमाना फंकार को बुलंद फरमाया। अलगर्ज हजरत अली रजि0 उस मुकर्रम व मुकद्दस शख्सियत का नाम है जिससे मोहब्बत रखना हर मुसलमान के लिए सआदत व फलाह दारीन का जामिन है दौरे हाजिर में एतेहादम मिल्लत व एतेहाद मिल्लत के लिए हजरत अली रजि0 की तालीमात पर अमल करना बहुत जरूरी है हजरत अली रजि0 ने अपनो या गैरों से हजारहां एखतलाफात के बावजूद भी राहे हक से मुंह नही मोड़ा। जिस बात को उन्होने हक जाना उसके लिए मियान से तलवार निकालने में न तो उनहोने अपने साथियों की कोई परवाह की और न ही एखतलाफ की शक्ल में कोई ऐसा काम किया जिससे उनकी नफ्स परस्ती साबित होती। उनके अजम व अस्तकामत या हौसला व जुर्रत पर कोई हर्फ आ सके। अगर इन्हे अपनी गलती का एहसास हुआ तो उसका एतराफ करने में भी उन्हे किसी हील व हुज्जत का सहारा लेने की जरूरत महसूस नही हुई। बहर तौर हजरत अली रजि0 ने इन्सानियत आदमियत के एहतेराम को भी मलहूज रखा और शरीअत इस्लामिया की किसी भी तालीम पर कोई अदना आंच भी नही आने दी। तारीख इस्लामी का मुताला के मुताला करने वाले को इस हकीकत का अदराक पूरी तरह हो जाता है कि उनकी जिन्दगी में बहुत से वह मसाएल भी पेश आये जा मनाफती की साजिशो और यहूदियों की मक्कारियों का नतीजा है हजरत अली रजि0 को यह इमतियाज हासिल है कि उम्मत के तमाम तबकात ने उनकी खलाफत को बिल इत्तेफाक तसलीम किया ताहम अहले सुन्नत व अलजमाअत हजरत अली रजि0 से गायत मोहब्बत व अकीदत के बावजूद उन्हे इन्सानी जमाअत का हिस्सा मानते है जिसकी सआदत करामत, फरासत, व अमानत, सदाकत, व दियानत, तकवा तहारत, नजाबत व शराफत में कोई बात करना मुसलमान की महरूमी है 13 रजबुल मुरज्जब हजरत अली रजि0 का यौमे पैदाईश है उस दिन हम सबकों अहेद करना चाहिए कि हम एतेहाद उम्मत का मुजाहिरा करते हुए कम अज कम उन दिले फरामोश तब्सिरों से अपने कलम व जबान को पाक रखें जो उम्मत के एक बड़े तब्के की दिल आजारी का सबब बनते है।

## सेहत मंत्र

# मुनक्के को करें आहार में शामिल बीमारियां रहेंगी कोसों दूर

ठंड के मौसम में अक्सर लोगों को सर्दी-जुकाम से लेकर कई छोटी-बड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। वैसे तो समस्या के समाधान के लिए लोग डॉक्टर का रूख करते हैं, जबकि इलाज घर की किचन में ही मौजूद होता है। दरअसल, भारतीय रसोई में ऐसी कई चीजें हैं, जिन्हें अगर भोजन का हिस्सा बनाया जाए तो कई तरह की बीमारियों से खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है। इन्हीं में से एक है मुनक्का। वजन करें कम- हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, मुनक्के का सेवन वजन कम करने में सहायक है। अगर आप इसे अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो यह आपके शरीर में जमा फैट सेल्स को तोड़ने में सहायक होगा। जिससे आपके शरीर में जमा जिद्दी फैट आसानी से खत्म होने लगेगा। साथ ही यह आपको एनर्जी भी देगा। तनाव से मुक्ति- हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि आज के समय में तनाव हर किसी की जिन्दगी का हिस्सा बन गया है, जो कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं की जड़ है। ऐसे में तनाव से मुक्ति पाने के लिए भी आपको मुनक्का का सेवन जरूर करना चाहिए। दरअसल, इसमें अर्जीनाइन नामक एक तत्व पाया जाता है, जो तनाव को कम करने में सहायक है। बस आप हर सुबह इसका सेवन करें। आपको कुछ ही दिनों में अंतर नजर आने लगेगा। हाई ब्लड प्रेशर को करें नियंत्रित- हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत है तो आपको मुनक्का जरूरी खानी चाहिए। मुनक्के के सेवन का एक सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को कंट्रोल करता है, जिससे आपको हाइपरटेंशन की बीमारी पर काबू पाने में मदद मिलती है। महिलाओं के लिए लाभदायक- वैसे तो मुनक्का बच्चों से लेकर बूढों तक के लिए लाभकारी माना गया है, लेकिन महिलाओं को इसका विशेष रूप से सेवन करना चाहिए। दरअसल, भारतीय महिलाओं में आयरन की कमी अक्सर देखी जाती है। ऐसे में मुनक्का खाने से शरीर में आयरन व खून की कमी को दूर करने में मदद मिलती है। इतना ही नहीं, यह महिलाओं को सिर दर्द व बाल झड़ने जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है और चेहरे का ग्लो भी बढ़ाता है।

## धर्म मंत्र

# जीवन में आये संकट दूर करने हेतु पति पत्नी करें भगवान बृहस्पति की पूजा

ब्रह्मा, विष्णु, महेश यानि कि 'त्रिदेव' में से भगवान विष्णु को सृष्टि के संचालन का कार्य सौंपा गया है। यही वजह है कि पृथ्वी पर आयोजित होने वाले किसी भी मांगलिक कार्य के लिए बृहस्पति देव, जो स्वयं विष्णु भगवान के एक रूप हैं, उनको याद किया जाता है। विशेष तौर पर शादी-विवाह जैसे बंधनों को मजबूत बनाने के लिए बृहस्पति देव की पूजा करने का विधान शास्त्रों में बताया गया है। शास्त्र हमें यह भी बताते हैं कि किसी के भाग्य में बृहस्पति का संयोग ठीक नहीं है, तो उसके वैवाहिक जीवन में क्या-क्या संकट आ सकते हैं। शास्त्रों में इस बात का भी वर्णन है कि अगर पति पत्नी संयुक्त रूप से भगवान बृहस्पति की पूजा करते हैं, तो निश्चय ही उनके जीवन पर इसका सकारात्मक असर पड़ता है और उनका रिश्ता मधुर बना रहता है। ऐसे में हम आज आपको भगवान बृहस्पति को प्रसन्न करने के कुछ ऐसे उपाय बताएंगे, जिससे दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और आपसी सामंजस्य बना रहेगा। अगर आपके भाग्य में बृहस्पति शुभ नहीं है या वृहस्पति ग्रह टेढ़ा है तो इसका सीधा असर आपके वैवाहिक जीवन पर पड़ता है और आपके वैवाहिक जीवन में खलल पढ़ना प्रारंभ हो जाता है। इतना ही नहीं, अगर आप शादीशुदा नहीं हैं और आपके भाग्य में बृहस्पति बाधित है, तो इसका असर यह होता है कि आपका विवाह संपन्न होने में बाधाएं उत्पन्न होने लगती हैं।

## पर्यटन



# प्राकृतिक खूबसूरती और रोमांच का संगम है हिमाचल की पब्बर वैली

अगर आप भारत में एक ऑफबीट डेस्टिनेशन में घूमने का प्लॉन कर रही हैं तो ऐसे में आपको हिमाचल की पब्बर वैली में एक बार जरूर जाना चाहिए। प्रकृति की गोद में बसी पब्बर घाटी आपको ना सिर्फ अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य का अहसास कराती है, बल्कि यहां आपको कई तरह की एडवेंचर्स एक्टिविटी करने का भी मौका मिलता है। यहां पर ऐसे कई ट्रेकिंग स्पॉट हैं, जहां पर आपको एक अलग ही एक्सपीरियंस मिलेगा। यहां आप हिमालय की प्रामाणिक सुंदरता, देवदार और ओक के हरे भरे जंगलों, कई सुंदर नदियों और झरनों का अनुभव कर सकेंगे और भारत में कुछ बेरोक टोक ट्रेक मार्गों का आनंद भी ले सकेंगे। गडसरी सरू ट्रेक- शायद न केवल इस क्षेत्र में बल्कि पूरे देश में सबसे दुर्लभ ट्रेक में से एक है, इस ट्रेक मार्ग को सबसे अनुभवी ट्रेकर्स द्वारा भी मुश्किल से पहुँचा जा सकता है। ट्रेक मार्ग गहरे जंगलों और विचित्र गडसरी गाँव से गुज़रता है और अंत में सुंदर सरयू झील पर समाप्त होता है जो 11,865 फीट की ऊँचाई पर है। ट्रेक को पूरा करने में लगभग पूरा दिन लगता है जो कि बेहद मनोरम और चुनौतीपूर्ण है। रूपिन पास-यह शानदार ट्रेक रूपिन नदियों के किनारे का अनुसरण करता है और इस तरह आपको सुंदर गांवों, झीलों, हरे भरे जंगलों, ऊंची पर्वत चोटियों और चट्टानों और यहां तक कि बर्फीली भूमि के विशाल विस्तार के माध्यम से यात्रा पर ले जाता है। यह चुनौतीपूर्ण ट्रेक धौला से शुरू होता है और तीन चरणों में विभाजित एक राजसी झरने से मिलता है। 4619 मीटर पर अंतिम गंतव्य तक पहुंचने के लिए, आपको चट्टानों, बोल्डर और बर्फ से चलना होगा जो बहुत ही साहसिक है। जांगलिक चन्दरनहान ट्रेक- चंद्रनहन ट्रेक के लिए आपको जंग्लिक गांव की यात्रा करनी होगी और फिर रोडोडेंड्रोन, देवदार और ओक के पेड़ों, चमचमाती नदियों और नदियों के घने जंगलों के माध्यम से चुनौतीपूर्ण यात्रा शुरू करनी होगी। झील लगभग 4000 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है और हमेशा बर्फ में ढकी रहती है जो एक रमणीय दृश्य के लिए बनी है। इसे पवित्र भी माना जाता है और इस प्रकार पानी में डुबकी लगाना एक अद्भुत अनुभव है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर डीएम ने दिलाई अधिकारियों-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को शपथ

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गॉवों में जन जागरूकता के लिए एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना











**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर डीएम सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन जीआईसी आडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर सीडीओ एकता सिंह, एडीएम डॉ.अरुण कुमार सिंह,एसडीएम बिजय कुमार त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में डीएम ने उपस्थित अधिकारीगण, छात्र छात्राओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी-''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ''वोट जैस कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हम'' को सफल और मजबूत बनाने की दिशा में हम सबको मिल कर व्यापक स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार करना होगा और दिनांक 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक युवक-युवतियों को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु जागरूक करना होगा। उन्होने कहा कि हम सभी बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारा देश गणतंत्र है। हमारे वोट में बहुत शक्ति है, हर एक वोट बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए और हम सभी को वोट अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जागरूकता का ही परिणाम है कि वर्तमान में महिलाओं का वोटिंग परसेंटेज पहले की अपेक्षाकृत अच्छा हुआ है। जिलाधिकारी ने बच्चों से कई प्रश्न भी पूछे, जैसे हमारा देश कब गणतंत्र हुआ, गणतंत्र का मतलब क्या होता है, निर्वाचन आयोग की स्थापना कब हुई, हमारे देश के पहले निर्वाचित राष्ट्रपति कौन थे, निर्वाचन आयोग ने पहला निर्वाचन कब करवाया, गणतंत्र होने से पहले देश का सर्वोच्च पद कौन था इत्यादि। इन प्रश्नों का राजकीय इंटर कॉलेज के विद्यार्थी हर्षदीप, संदीप सिंह, सचिन कुमार, आदर्श पाठक ने सही उत्तर दिया।डीएम ने इन प्रश्नों के सही उत्तर देने पर बच्चों की तारीफ की और उनको चॉकलेट दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 18 वर्ष से ऊपर के नए मतदाताओं रिनी, सत्वेन्द्र सिंह गुरप्रीत कौर को निर्वाचन पहचान पत्र (ईपिक कार्ड) देकर तथा कैप लगाकर सम्मानित किया तथा उन्हें लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी बनाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने दिव्यांग आईकॉन नागेश पटेल, ट्रांसजेंडर आईकॉन प्रियंका और 80 वर्ष आयु से ऊपर वृद्ध आईकॉन सूरज लाल को शॉल ओढ़ाकर और बैच लगाकर उनका सम्मान किया। लोकसभा चुनाव 2024 विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, सुपरवाइजर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

तत्पश्चात जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त बूथों पर पहुँचकर एलईडी वैन से ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यह वैन जनजागरूकता हेतु चलाई जा रही है। यह वैन जनपद के प्रत्येक बूथों पर जाएगी। इस वैन में ईवीएम मशीन द्वारा लोगो को मतदान करने हेतु एवं उनके जानकारी के लिए वैन से डेमो दिखाया जाएगा, जिसका उद्देश्य है कि हर मतदाता वोट देकर वोट प्रतिशत बढ़ा सके।

मतदाता दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सुंदर रंगोली बनाई गई तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसकी सभी ने खूब सराहना की।

उल्लेखनीय है कि आज के ही दिन दिनांक 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ था और 25 जनवरी 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने का शुभारम्भ किया गया था। जनपद के अन्य सभी कार्यालयों में भी कार्यालयाध्यक्षों ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी तथा विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र छात्राओं को मतदान के महत्व और मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया।

## लोकतंत्र में मतदान कर अपनी भागीदारी दर्ज कराए : सत्येंद्र कुमार

### एसडीएम अनुराग सिंह की अगुवाई में कस्बा हैदरगढ़ में निकली गई जागरूकता रैली

हैदरगढ़ बाराबंकी मतदान लोकतंत्र में आपकी ताकत है आप अपनी ताकत को समझें लोकतंत्र में मतदान कर अपनी भागीदारी दर्ज कराए उक्त बात जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कस्बा हैदरगढ़ के जीजीआईसी इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में जनता के पास ताकत होती है वह ताकत मतदान की है इसलिए लोकतंत्र के महापर्व पर भागीदारी दर्ज कराने हेतु मतदान अनिवार्य रूप से किया जाना जरूरी है बताते चलें कि आज राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह के अगवाई में तहसीलदार शशि कुमार त्रिपाठी नायक तहसीलदार नम्रता दुबे के साथ इंटर कॉलेज के 600 से अधिक छात्रों ने कस्बे में मतदाता जागरूकता रैली निकाली इस दौरान छात्रों ने लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया अधिकारी बच्चन एवं राजस्व टीम के साथ नगर की गलियों में घूम साथ ही मतदान हेतु शत प्रतिशत भागीदारी दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया । कार्यक्रम में विभिन्न तरह की थीम्स पर 6 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें वाद विवाद प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता महंगी प्रतियोगिता आदि शामिल है जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार का आगमन कार्यक्रम के बीच में हुआ इस दौरान डीएम ने बच्चों से लोकतंत्र भारतीय गणतंत्र , मतदाता दिवस को लेकर प्रश्न पूछे । जिलाधिकारी सचिन कुमार द्वारा मतदान पर रोचक तरीके से बच्चों को जानकारी दी साथ ही अपने आसपास के लोगों को मतदान है तो जागरुक करने को कहा । इस दौरान मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह तहसीलदार शशि कुमार त्रिपाठी नायब तहसीलदार नम्रता दुबे पुलिस उपाधीक्षक जेएस अस्थाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी शिक्षक राहुल शुक्ला सदर लेखपाल दीप चंद्र शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

## अंकित कुमार बने डिप्टी जेलर, गुरु और अभिभावकों को किया धन्यवाद



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिद्धौर बाराबंकी - मुरलीगंज गांव निवासी भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीश रावत के पुत्र अंकित कुमार ने दूसरी बार में ही यूपीपीएससी परीक्षा पास करके डिप्टी जेलर बनें। वही रिजल्ट के परिणाम आने के बाद परिजनों में बेहद खुशी का माहौल रहा और बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। वही इस मौके पर अंकित कुमार ने जानकारी देते हुए यूपीपीसीएस की परीक्षा का दोबारा किए गए प्रयास में सफलता मिली और डिप्टी जेलर के पद पर चयन हुआ है। इसके लिए 12 से 14 घण्टे की पढ़ाई और गुरुजनों तथा परिवारी जनों का आशीर्वाद मिला। वही भाजपा नेता अम्बरीश रावत ने बताया की यह बेहद खुशी का पल है। जिसमे ईश्वर की कृपा और उनके बेटे की मेहनत का परिणाम है। जिसके चलते वह यूपीपीसीएस की परीक्षा पास करते हुए डिप्टी जेलर के पद पर चयन हुआ हैं।

## विकसित भारत निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम: अवनीश सिंह

### प्रधानमंत्री मोदी का लाइव उद्बोधन से प्रेरित दिखे युवा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। बीजेपी जिला प्रभारी व एमएलसी अवनीश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने में देश के युवाओं की भूमिका अहम है। राष्ट्रवादी युवाओं का पुरुषार्थ और पराक्रम अगले 25 वर्षो में भारत की दिशा और दशा तय करेगा।जिला प्रभारी गुरुवार को अयोध्या हाईवे स्थित पीएल मेमोरियल कॉलेज में आयोजित नमो नवमतदाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी का लाइव उद्बोधन सुनने के बाद कार्यक्रम में मौजूद युवाओं से मुखातिब थे।उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के उत्सव में भागीदार बनने का संकल्प युवाओं को दिलाया।गुरुवार को मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा की इकाई के संयोजकत्व में नवमतदाता सम्मेलन आयोजित हुआ।युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी का लाइव




उद्बोधन एलईडी पर सुना।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज जब देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो युवा मतदाताओं का वोट तय करेगा कि भारत कितने जल्दी यह लक्ष्य हासिल करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह 1947 से 25 साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र कराने का दारोमदार था, उसी तरह 2047 तक यानी आने वाले करीब 25 सालों में युवाओं पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा, ''अगले 25 साल का कालखंड दो वजहों से बहुत अहम है। पहला, आप सभी ऐसे समय में मतदाता बने हैं, जब भारत का अमृतकाल शुरू हुआ है। दूसरा, शुक्रवार को देश अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। अगले 25 साल आपके लिए भी और भारत के लिए भी दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण हैं।'' प्रधानमंत्री ने युवाओं से कहा कि अगले 25 साल में उन्हें अपना और भारत दोनों का भविष्य तय करना है।कुरौली स्थित नंदलाल प्रभु देवी प्रोफ़ेशनल इंस्टीट्यूट में भी आयोजित नवमतदाता सम्मेलन में युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी का लाइव उद्बोधन सुना। इस अवसर पर जिलामहामंत्री संदीप गुप्ता, रामकुमारी मौर्य,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी,सम्मेलन के जिला संयोजक सर्वेश अवस्थी , संजीव वर्मा, दिनेश सिंह , पुनीत मिश्रा, शिवकुमार यादव , पुलकित त्रिवेदी, सूरजभान सिंह, हरिकेश दीक्षित मौजूद रहे।

## कम्बल वितरण कार्यक्रम में बोले अरुण , जन सेवा सबसे बड़ा पुण्य



त्रिवेदीगंज बाराबंकी : जनसेवा सबसे बड़ी सेवा है , हम यूं कहे तो मानव धर्म मानव की सेवा है उक्त बात युवा भाजपा नेता अरुण शुक्ला ने त्रिवेदीगंज के ग्राम कोल्हदा में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में वहा मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए कही । श्री शुक्ला ने आगे कहा ठंड से बचाव हेतु सामाजिक कार्यकर्ता श्री उपदेश शुक्ला द्वारा किया गया कम्बल वितरण का कार्य अति पुनीत का है । बताते चले की

आज विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम सभा कोलहदा में समाजसेवी श्री उपदेश शुक्ला द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जहां जरूरतमन्दों को कम्बल वितरित करने साथ हो लोगो को सरकारी योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई । । इस दौरान मुख्य रूप से मंटू तिवारी जी , तेज बहादुर सिंह जी , पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा दादा गोपाल बाजपेई जी वसमस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## एडीएम ने दिव्यांगो की मतदाता जागरूकता रैली को हरीझंडी दिखाकर किया रवाना



बाराबंकी। गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व के द्वारा दिव्यांग जनों की मतदान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर डीआरडीए भवन से अमर शहीद पार्क तक रवाना किया गया। इस अवसर पर एडीएम डॉ.अरुण कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एजाजुल हक खान, दिव्यांग मतदाता आईकॉन नागेश पटेल,अमित मिश्रा, लालू यादव,श्रीकेश,अनीता शुक्ला,समर सिंह एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य दिनेश वर्मा, नीलम वर्मा, शाइस्ता अख्तर और अनेक दिव्यांगजन उपस्थित रहे। साथ ही 51 दिव्यांग जनों को सईद मेमोरियल वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## स्मार्टफोन टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

टिकैतनगर बाराबंकी। जेबीएस संस्थान दुल्हदेपुर मे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु निःशुल्क स्मार्टफोन/ टैबलेट वितरण योजनानातर्गत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह तथा संस्थान प्रबंधक पूनम सिंह की उपस्थिति में सकुशल सम्पन्न हुआ इस में सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की स्मार्ट फोन/ टैबलेट योजना से हर छात्र/छात्रा तकनीकी शिक्षा से जुड़ेगा और यह एक प्रकार की चलती फिरती




लाईब्रेरी के रूप में कार्य कर रही है ! तथा विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए योजनाओं से जुड़ने और जोड़ने की बात कही इस अवसर पर अनुज वर्मा भाजमो जिला उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह कार्य समिति सदस्य अनुज शुक्ला जिला कार्य समिति सदस्य अभय नाग भाजयुमो मंडल अध्यक्ष,दरियाबाद ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडे लवलेश महामंत्री रंजीत शर्मा कोषाध्यक्ष भाजयुमो शिवम बारी मीडिया प्रभारी हिमांशु सिंह,पं.लीलाधर मिश्रा मोहम्मद शोएब,आनंद सिंह के साथ समस्त प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकायें वह छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बच्चे न होने से परेशान विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत प्यारेपुर गांव मे एक विवाहिता ने कमरे की छत मे लगे कुंडे से साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर गहनता से जांच की और मौके से मिले एक सुसाइड नोट मे मृतका ने लिखा था की शादी के 4 वर्ष बाद कोई संतान न होने से मै परेशान हो गयी हूं इसलिए मै खुद ही अपनी जान दे रही हूं मेरी पति और उनके घर वालो से कोई विवाद नही है बल्कि वो सभी मेरा इलाज भी करा रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार सिहाली गांव निवासी कुंवारे के बेटे मोहित का विवाह स्वजातीय नन्हेलाल गौतम की बेटी रूपरानी से 2020 मे हुआ था लेकिन 4 साल बीत जाने के बाद भी दोनो के कोई संतान नही हुई जिससे लगातार रूपरानी को गांव की महिलाएं ताना देती रहती थी जिससे मृतका का रहना दुभर हो गया था और वो परेशान थी पति मोहित दैनिक मजदूरी के लिए घर से बाहर था। इस बीच उसने फांसी लगाकर जीवन लीला खत्म कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है। पति मोहित ने बताया कि हम दोनो का कोई विवाद नही था और कभी रूपरानी ने मुझे बताया भी नही कुछ दिक्कत है उसे हम लोग एक ही गांव के रहने वाले थे और एक दूसरे को बचपन से जानते पहचानते थे।

## डीजीपी ने एसपी को गणतंत्र दिवस पर दिया प्रशस्ति पत्र




बाराबंकी। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह को अभूतपूर्व शांति व्यवस्था व उच्चस्तरीय पुलिस प्रबंध करने गणतंत्र दिवस- 2024 में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

## बेरोजगार होकर नौजवान सड़को पर घूमने को रहा है मजबूर: डा.पीएल पुनिया

**प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरी का सपना दिखाकर सत्ता मे आयी भाजपा**

**कांग्रेस पार्टी की जनपदीय कार्यशाला व संवाद शहर के एक निजी रेस्तरा मे हुई आयोजित**




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। देश की भाजपा सरकार ने अपना कोई भी वादा पूरा नही किया है उसकी कोई गारन्टी नही है। प्रतिवर्ष 2 करोड नौकरी का हसीन सपना दिखाकर आयी भाजपा सरकार में नौजवान, बेरोजगार सडक पर घूम रहा है। देश का अन्नदाता इनके ऐजेन्डे में नही है उसका कर्ज़ा देश की मोदी सरकार कभी माफ नही करेगी, किसान के कर्ज माफी की गारन्टी कांग्रेस पार्टी है हमने कर्ज़ा माफ किया था और सत्ता में आये तो फिर कर्ज़ा माफ करेगे। कांग्रेस पार्टी का जन्म ही जालिम और निरंकुश से लडने के लिये हुआ था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अगुवाई में हमने जालिम अंग्रेजो को हटाकर देश को आजादी दिलायी थी आज जननायक राहुल गांधी की अगुवाई में देश की आवाम को भाजपा की निरंकुश व जालिम सरकार से मुक्ति दिलाने का काम कंाग्रेस पार्टी करेगी।

उक्त उद्गार पूर्व सांसद डा.पीएल पुनिया ने गुरुवार को स्थानीय चौहान गेस्ट हाउस में कंाग्रेस पार्टी के जनपदीय स्तर के संवाद एवं कार्यशाला कार्यक्रम में जनपद के कोने कोने से आये वरिष्ठ कंाग्रेसजनो, न्याय पंचायत प्रभारियो के बीच व्यक्त किये कार्यक्रम की अध्यक्षता कंाग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने की विशिष्ठ अतिथि के रूप में मंडल के प्रभारी प्रदेशीय उपाध्यक्ष सुशील पासी,लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी कोर्डिनेटर धर्मेन्द्र चौधरी, जनपदीय प्रभारी सचिव डा.शहजाद आलम, प्रदेश कंाग्रेस महासचिव तनुज पुनिया मौजूद थे।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संवाद एवं कार्यशाला कार्यक्रम की शुरूआत वन्दे मातरम् से हुयी तदोपरान्त प्रदेश कंाग्रेस कमेटी के महासचिव एवं 53 लोकसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने सभी अतिथियो का स्वागत करते हुये कहा कि आज हमारे नेता जननायक राहुल गांधी इस देश के युवाओ, महिलाओ, किसानो, श्रमिको के मान सम्मान की लडाई लड रहे है और इसके लिये मणिपुर से भारत जोडो न्याय यात्रा की शुरूआत की है जो महाराष्ट्र में समाप्त होगी। आम जनमानस के दिलो को छूने वाली यह यात्रा हमारे देश में युवाओ महिलाओ, और हाशिये पर रहने वाले लोगो के लिये सफलतापूर्वक न्याय की मांग कर रही है यात्रा की सफलता को देखकर भाजपा बौखला गयी है और यात्रा को बाधित करने के उद्देश्य से असम प्रान्त में प्रवेश करते ही उस पर सुनियोजित हमले किये जा रहे है लेकिन भाजपा की कोई कोशिश कंाग्रेस पार्टी को जननायक राहुल गांधी को हक न्याय और संविधान को बचाने की लडाई से हिला नही सकता। 2024 में देश की झूठी, जालिम, महिला, किसान विरोधी भाजपा सरकार को हटाने का काम कंाग्रेस पार्टी करेगी।

कंाग्रेस पार्टी के संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी सचिव डा.शहजाद आलम के निर्देश पर भारत जोडो न्याय यात्रा, 26 जनवरी से 30 जनवरी तक भारत जोडो न्याय यात्रा के समर्थन में ब्लाक स्तर तक निकाले जाने वाली यात्राओ, डोनेट फार देश के टारगेट, न्याय पंचायत स्तर पर संगठन के समीक्षा एवं कंाग्रेस कार्यकर्ताओ के अमूल्य सुझावो पर चर्चा हुयी। संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्रदेश का कंाग्रेस कमेटी के प्रभारी उपाध्यक्ष सुशील पासी ने कहा कि हमारे जननायक राहुल गांधी जो लड़ाई लड़ रहे हैं वह देश और संविधान को बचाने की है यह कोई हमारी लड़ाई नहीं है 2024 में इस देश में राहुल गांधी की अगवाई में सरकार बनेगी देश का दलित समाज समझ चुका है कि कांशीराम के आन्दोलन को राहुल गांधी चला रहे है भाजपा डरी हुई है।

## जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 28 को

बाराबंकी।जिला स्तरीय अंडर 14 व 16 ओपन स्कूल एवम क्लब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता 28 जनवरी को होगी।डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन बाराबंकी के तत्वाधान में होने इस प्रतियोगिता का आयोजन रामसनेही घाट स्थित मिनी स्टेडियम प्रातः 9 बजे से होगा।एसोसिएशन के जिला सचिव ब्रज किशोर बाजपेई ने बताया कि जिन खिलाड़ियों का जन्म 1 जनवरी 2008 से 31 दिसंबर 2011 के मध्य हुआ है वे सभी चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में चयनित खिलाड़ियों को गुजरात में आगामी 16 से 18 फरवरी के मध्य आयोजित होने वाली नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।उन्होंने बताया कि 28 जनवरी को प्रतिभाग करने के इच्छुक खिलाड़ी अपना आधारकार्ड एवं जन्म प्रमाणपत्र साथ में अवश्य लाएं।

## मथुरा में मासूम की गला रेत कर हत्या

मथुरा। थाना मांट क्षेत्र के बिलिन्दपुर गांव में अनुसूचित जाति की एक तीन वर्षीय बालिका की गुरुवार दोपहर बाद गला रेतकर हत्या कर दी गई है। सूचना पर पहुंचे एसएसपी शैलेन्द्र कुमार पांडेय ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया है। हत्या के पीछे के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। घटना को अंजाम देने वालों की तलाश को पुलिस की कई टीमें एसएसपी ने लगाई है।

थाना मांट क्षेत्र के गांव बिलिन्दपुर निवासी हाकिम सिंह की तीन वर्षीय पुत्री का शव उसके घर के अंदर ही लहुलुहान अवस्था में पड़ा हुआ मिला। हाकिम की पत्नी साधना अपने बीमार छोटे बेटे को दोपहर में दवा दिलाने के लिए टेंटीगांव गई हुई थी और घर पर तीन वर्षीय बेटी प्रियल अकेली थी। पिता हाकिम सिंह सुबह ही मजदूरी करने के लिए चले गए। जब साधना लौटकर आई तो घर के अंदर प्रियल का शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ था। उसकी किसी धारदार हथियार से गला काटा गया था।

# मोदी ने भ्रष्टाचार, परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना, युवाओं को गिनाए स्थिर सरकार के फायदे

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को भ्रष्टाचार और परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनकी सरकारों के कार्यकाल में भारत के युवाओं का भविष्य 'अंधकारमय' बना दिया गया था जबकि मौजूदा केंद्र सरकार उन्हें उस स्थिति से बाहर निकाल कर लायी।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से आयोजित 'नमो नवमतदाता सम्मेलन' को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह आजादी से 25 साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र कराने का दारोमदार था, उसी तरह 2047 तक यानी आने वाले करीब 25 सालों में युवाओं पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं को पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होने के फायदे गिनाते हुए कहा कि इससे अनुच्छेद 370 को निरस्त करने व अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार खत्म होता है और वैश्विक स्तर पर भारत की साख भी बढ़ती है।

मोदी ने कहा, ''मुझे खुशी है कि आज भारत का नौजवान देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों को समझ रहा है। इसलिए वह भ्रष्टाचार के खिलाफ है। वह परिवारवाद के खिलाफ है।'' उन्होंने कहा कि परिवारवाद ऐसी बीमारी है जो देश के युवाओं को आगे बढ़ने से रोकती है। उन्होंने कहा, ''आपने देखा है परिवारवादी पार्टियों में दूसरे युवा कभी आगे नहीं बढ़ पाते। परिवारवादी पार्टियों के नेताओं की सोच युवा विरोधी होती है। इसलिए आपको अपने वोट की ताकत से ऐसी परिवारवादी पार्टियों को हराना है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि जब पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होती है तो देश बड़े फैसले लेता है और दशकों से लटकी हुई समस्याओं को सुलझाकर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाकर दशकों का इंतजार खत्म किया। हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार ने सेना के जवानों के लिए वन रैंक, वन पेंशन लागू कर देश के पूर्व फौजियों का चार दशक का इंतजार समाप्त किया। यह हमारी सरकार है जिसे अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी होने का अवसर मिला। जब पूर्ण बहुमत की सरकार होती है तो नीति और निर्णयों में भी स्पष्टता होती है। मोदी ने कहा कि इसका असर वैश्विक स्तर पर भारत की साख पर भी होता है। उन्होंने कहा, ''आज दुनिया में भारत की साख नयी ऊंचाई पर है।'' कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि उसने देश के युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना दिया था। उन्होंने कहा, ''10-12 साल पहले भारत में जिस तरह की परिस्थिति थी, उसने देश के युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना दिया था। आज देश में रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं...आज स्थितियां बदली हैं। आज हर दिन एक नई खबर आती है कि आज इस क्षेत्र में भारत ने नया मुकाम हासिल किया। साल 2014 से पहले की पीढ़ी ने तो इसकी उम्मीद भी छोड़ दी थी।'' प्रधानमंत्री ने युवाओं से कहा कि उस समय के अखबारों में आए दिन भ्रष्टाचार की खबरें सुर्खियां बनती थीं और हजारों करोड़ रुपये के घोटाले तो सामान्य सी बात थी। उन्होंने कहा, ''उस समय आए दिन देश के नौजवान सड़कों पर तत्कालीन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते थे। मुझे संतोष है कि हम उस अंधकारमय स्थिति को दूर कर पाए हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और इनमें से कई के शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की उपलब्धियों का बखान करते हुए मोदी ने कहा कि आज भ्रष्टाचार की नहीं बल्कि विश्वसनीयता और सफलता की कहानियां सुर्खियां बनती हैं। उन्होंने कहा कि उन दिनों भारत दुनिया की पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल था और दुनिया सोचती थी कि भारत खुद भी डूबेगा और हमें भी ले डूबेगा। मोदी ने कहा, ''आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और दुनिया सोचती है कि भारत के विकास से उसका भी विकास होगा। आने वाले कुछ ही वर्षों में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शुमार हो जाएगा।

# प्रशांत कुमार व मंजिल सैनी को वीरता पदक

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार और डीआईजी मंजिल सैनी को इस बार गणतंत्र दिवस पर दिए जाने वाले वीरता पदक (जीएम) के लिए चुना गया है। प्रशांत कुमार को यह पदक चौथी बार मिलेगा। यूपी कैडर की वर्ष 2005 बैच की आईपीएस मंजिल सैनी वर्तमान में केंद्रीय प्रति नियुक्ति पर एनएसजी में तैनात हैं। इसके साथ ही प्रदेश के सात पुलिस अफसरों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक (पीएसएम) और 74 को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक (एमएसएम) दिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।

विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक प्राप्त करने वाले अफसरों में एडीजी पीएसी सुजीत पांडेय, एडीजी गोरखपुर जोन डॉ. केएस प्रताप कुमार, एडीजी अमित चंद्रा, एडीजी जोन लखनऊ पीयूष मोर्डिया, एडीजी इंटेलीजेंस भगवान स्वरूप तथा सब इंस्पेक्टर उदयराम तिवारी व बिंद्रा प्रसाद शामिल हैं। इसके साथ ही आईजी रेंज आजमगढ़ अखिलेश कुमार, आईजी रेंज आगरा दीपक कुमार तथा लखनऊ के संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था उपेन्द्र कुमार अग्रवाल समेत 74 अफसरों व पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक दिया जाएगा। वीरता पदक प्राप्त करने वाले डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को इससे पहले तीन बार वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्राप्त हो चुका है जो उन्हें क्रमशः 2020, 2021 व 2022 में दिया गया। डीजी प्रशांत कुमार व डीआईजी मंजिल सैनी को वर्ष 2017 में मेरठ में हुई एक साहसिक मुठभेड़ के मामले में वीरता पदक दिया गया है। प्रशांत कुमार की एडीजी जोन मेरठ के पद पर नियुक्ति के दौरान छह जुलाई 2017 को दिल्ली स्थित प्रीत विहार के मेट्रो हार्ट एवं कैंसर हास्पिटल के चिकित्सक डॉ. श्रीकांत गौड़ के अपहरण के बाद अपराधियों द्वारा पांच करोड़ की फिरौती की मांग की गई थी। इस सूचना पर तत्कालीन एडीजी जोन प्रशांत कुमार व तत्कालीन एसएसपी मेरठ मंजिल सैनी द्वारा दिल्ली पुलिस की टीम के साथ उच्च कोटि का समन्वय स्थापित किया गया। 19 जुलाई 2017 को जब मेरठ में कांवड़ मेला पूरे शबाब पर था, तब एक साहसिक मुठभेड़ के बाद डॉ. श्रीकांत गौड़ को सकुशल बरामद किया गया।

**डीजी प्रशांत कुमार को चौथी बार मिला यह सम्मान**

**यूपी के सात पुलिस अफसरों को मिलेगा विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पदक**

**पुलिस के 74 अफसरों व कर्मचारियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक मिलेगा**

## अस्सी रणबांकुरों को वीरता पुरस्कार, छह को कीर्ति तथा 16 को शौर्य चक्र

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बहादुरी के लिए 80 सैन्यकर्मियों को वीरता पुरस्कार दिये जाने की मंजूरी दे दी जिनमें से 12 को यह सम्मान मरणोपरांत दिया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति ने आज जिन रणबांकुरों को वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किये जाने की घोषणा की उनमें छह कीर्ति चक्र शामिल हैं जिनमें तीन को यह सम्मान मरणोपरांत दिया जा रहा है। वीरता के लिए 16 सैन्यकर्मियों को शौर्य चक्र दिया जायेगा जिनमें दो को मरणोपरांत यह वीरता के लिए सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही, 53 सेना पदक ( सात मरणोपरांत) , एक नौसेना पदक (वीरता) और चार वायु सेना पदक (वीरता) को भी मंजूरी दी गयी है। राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों और अन्य कर्मियों के लिए 311 रक्षा अलंकरणों को भी मंजूरी दी। इनमें 31 परम विशिष्ट सेवा पदक , चार उत्तम युद्ध सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक के लिए दो बार, 59 अति विशिष्ट सेवा पदक, 10 युद्ध सेवा पदक, आठ बार टू सेना मेडल (कर्तव्य के प्रति समर्पण), 38 सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण), 10 नौसेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण), 14 वायु सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण), पांच बार से लेकर विशिष्ट सेवा पदक और 130 विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं।

# चुनावी प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक का उपयोग सभी लोकतंत्रों के लिए उदाहरण : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी




नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में इसका उपयोग बढ़ाया जाएगा।

राष्ट्रपति ने महिलाओं, दिव्यांगों और कमजोर समूहों की भागीदारी बढ़ाकर समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने में चुनाव आयोग के प्रयासों की भी सराहना की। राष्ट्रपति यहां 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। चुनाव आयोग की स्थापना भारत के गणतंत्र बनने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को की गई थी। पिछले 14 वर्षों से चुनाव आयोग का स्थापना दिवस राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुर्मू ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में चुनाव प्राधिकरण ने 17 लोकसभा चुनाव और 400 से अधिक विधानसभा चुनाव आयोजित किए हैं। लोकसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया को दुनिया का सबसे बड़ा अभ्यास बताते हुए उन्होंने कहा कि लोगों ने 12 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान किया और इस अभ्यास का प्रबंधन 1.5 करोड़ मतदान कर्मियों द्वारा किया गया। राष्ट्रपति ने यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया कि कोई भी मतदाता छूट न जाए।

इस अवसर पर चुनाव आयोग के प्रकाशन 'आम चुनाव 2024 के लिए ईसीआई पहल' की पहली प्रति मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार द्वारा राष्ट्रपति मुर्मू को प्रस्तुत की गई। यह पुस्तक चुनाव के स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी, सुलभ और भागीदारीपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के प्रत्येक प्रभाग द्वारा की गई पहलों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करती है। फिल्म निर्माता राज कुमार हिरानी के सहयोग से ईसीआई द्वारा निर्मित एक लघु मतदाता जागरूकता फिल्म 'माई वोट माई ड्यूटी' भी प्रदर्शित की गई। लघु फिल्म में कई मशहूर हस्तियों को उनके संदेशों के साथ लोकतंत्र की भावना और वोट की शक्ति को उजागर करते हुए दिखाया गया है। अपने संबोधन में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने चुनाव में महिलाओं का मतदान सुनिश्चित करने का श्रेय संविधान निर्माता बी आर आंबेडकर को दिया। उन्होंने कहा कि आंबेडकर ने 1928 में ही महिलाओं के लिए वोट देने के अधिकार का मुद्दा उठाया था। मेघवाल ने कहा कि संविधान सभा की बहस के दौरान आंबेडकर ने 'एक वोट, एक व्यक्ति, एक मूल्य' के सिद्धांत की वकालत की थी।

## महिला आरक्षण से लैंगिक समानता की ओर कदम बढ़ाया देश ने :मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को कहा कि संसद और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण देने वाले विधेयक के पारित होने से देश ने लैंगिक समानता की ओर एक कदम बढ़ाया है और यह नारी सशक्तीकरण में क्रांतिकारी सिद्ध होगा। श्रीमती मुर्मु ने आज यहां 75 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि जब संसद ने ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पारित किया तो देश स्त्री-पुरुष समानता के आदर्श की ओर आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा, '' मेरा मानना है कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम', महिला सशक्तीकरण का एक क्रांतिकारी माध्यम सिद्ध होगा। इससे हमारे शासन की प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में भी बहुत सहायता मिलेगी। जब सामूहिक महत्व के मुद्दों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, तब हमारी प्रशासनिक प्राथमिकताओं का जनता की आवश्यकताओं के साथ बेहतर सामंजस्य बनेगा।

# नीतीश-लालू के रिश्तों में खटास के संकेत, सियासी तापमान बढ़ा




एजेंसी

पटना। बिहार में भले ही कड़ाके की ठंड पड़ रही हो लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन के दो प्रमुख घटक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच रिश्तों में खटास के संकेत ने राज्य में सियासी तापमान काफी बढ़ा दिया है ।

भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की सौवीं जयंती पर बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का परिवारवाद पर चोट के बाद गुरुवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य ने भी सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर एक के बाद एक तीन पोस्ट बिना किसी का नाम लिए किया है, जिसे अप्रत्यक्ष रूप से श्री नीतीश कुमार पर ही पलटवार माना जा रहा है । श्री लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने पोस्ट में कहा, ''समाजवादी पुरोधा होने का करता वही दावा है, हवाओं की तरह बदलती जिनकी विचारधारा है ।'' अपनी अगली पोस्ट में वह लिखती हैं, ''खीज जताए क्या होगा, जब हुआ न कोई अपना योग्य, विधि का विधान कौन टाले, जब खुद की नीयत में ही हो खोट ।'' इसके बाद अपनी अगली पोस्ट में उन्होंने लिखा, ''अक्सर कुछ लोग नहीं देख पाते हैं अपनी कमियां, लेकिन किसी दूसरे पे कीचड़ उछालने को करते रहते हैं बदतमीजियां । श्री यादव की पुत्री रोहिणी के इस पोस्ट में यह साफ नजर आ रहा है कि वह किसी बयान से आहत हैं। हालांकि करीब दो घंटे बाद ही रोहिणी ने अपना पोस्ट डिलीट कर दिया। इससे पहले श्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कर्पूरी जयंती पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधा था ।

उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा था, ''आजकल तो लोग अपने परिवार को ही आगे बढ़ाते हैं, लेकिन कर्पूरी जी ने कभी अपने परिवार को राजनीति में आगे नहीं बढ़ाया। वह राजनीति में परिवार को आगे बढ़ाने के समर्थक नहीं थे । उनके निधन के बाद ही हमलोगों ने उनके पुत्र रामनाथ ठाकुर को आगे बढ़ाया । उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में जगह दी, राज्यसभा का सदस्य बनाया। जननायक से सीखकर हमने भी कभी अपने परिवार को आगे नहीं बढ़ाया। इस बीच श्री नीतीश कुमार ने कंग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होने में यह कहते हुए असमर्थता जता दी कि वह 30 जनवरी को पटना के कार्यक्रम में व्यस्त हैं इसलिए पूर्णिया नहीं आ सकते हैं । कंग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि श्री राहुल गांधी बिहार में 29 जनवरी से एक फरवरी तक चार दिन रहेंगे और श्री कुमार चाहते तो एक दिन वह किसी कार्यक्रम में किशनगंज, कटिहार या अररिया में शामिल हो सकते थे लेकिन न जाने उनके दिमाग में क्या चल रहा है।

महागठबंधन में सब कुछ सामान्य नहीं लग रहा है, इस बात का अंदाजा गुरुवार को मंत्रिमंडल की हुई बैठक में भी लगा जब बैठक मात्र 15 मिनट के अंदर ही खत्म हो गई। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव चुपचाप बैठे थे और उनकी मुख्यमंत्री से कोई बात भी नहीं हुई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन भी रद्द कर दिया गया और इसका कोई खास कारण भी नहीं बताया गया।

# पेज एक का शेष

## भारत को...

सौभाग्य है कि देश ने कल्याण सिंह और उनके जैसे अनेकों लोगों का सपना पूरा किया है। लेकिन अभी भी सशक्त राष्ट्र के निर्माण का, सच्चे सामाजिक न्याय का उनका स्वप्न पूरा करने के लिए हमें अपनी गति और बढ़ानी है, और जिसके लिए हमें मिलकर काम करना है। प्रधानमंत्री ने कहा ह्न आजादी के बाद के दशकों में लंबे समय तक भारत में विकास को सिर्फ कुछ ही क्षेत्रों तक सीमित रखा गया। देश का एक बहुत बड़ा हिस्सा, विकास से वंचित रहा। इसमें भी उत्तर प्रदेश, जहां देश की सबसे अधिक आबादी बसती थी, उस पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। ये इसलिए हुआ क्योंकि लंबे समय तक यहां सरकार चलाने वालों ने शासकों की तरह बर्ताव किया। जनता को अभाव में रखने का, समाज में बंटवारे का रास्ता उनको सत्ता पाने का सबसे सरल माध्यम लगा। इसकी कीमत उत्तर प्रदेश की अनेक पीढ़ियों ने भुगती ही है, लेकिन साथ-साथ देश को भी इसका बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश को पहले ताकतवर बनाना होगा और यहां के सांसद होने के नाते उनकी विशेष जिम्मेदारी है। 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद से, यूपी ने पुरानी चुनौतियों से निपटने के साथ ही, आर्थिक विकास को नई गति दी है। आज भारत में दो बड़े डिफेंस कॉरिडोर पर काम चल रहा है, उनमें से एक यूपी में, पश्चिमी यूपी में बन रहा है। आज भारत में नेशनल हाईवे का तेजी से विकास हो रहा है, उसमें से अनेक पश्चिमी यूपी में बन रहे हैं। आज हम यूपी के हर हिस्से को आधुनिक एक्सप्रेस वे से कनेक्ट कर रहे हैं। भारत का पहला नमो भारत ट्रेन प्रोजेक्ट, पश्चिमी यूपी में ही शुरू हुआ है। यूपी के कई शहर मेट्रो सुविधा से जुड़ रहे हैं। यूपी, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का भी हब बन रहा है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनकर तैयार होने से इस क्षेत्र को एक नई ताकत, नई उड़ान मिलने वाली है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार के प्रयासों से आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश रोजगार देने वाले प्रमुख सेंटर्स में से एक बन रहा है। केंद्र सरकार, देश में चार नए औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने की तैयारी में है। ऐसे नए शहर जो दुनिया के श्रेष्ठ मैन्युफैक्चरिंग और निवेश स्थलों को टक्कर दे सके। इसमें से एक औद्योगिक स्मार्ट शहर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बना है और आज मुझे इस महत्वपूर्ण टाउनशिप का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला है। यहां हर वो बुनियादी सुविधाएं विकसित की गई हैं, जो रोजमर्रा के जीवन के लिए, व्यापार-कारोबार-उद्योग के लिए चाहिए। अब ये शहर, दुनियाभर के निवेशकों के लिए तैयार है। इसका लाभ यूपी के, विशेष रूप से पश्चिमी यूपी के हर छोटे, लघु और कुटीर उद्योग को भी होगा। उन्होने कहा कि पहले खराब कनेक्टिविटी की वजह से किसान की पैदावार समय पर बाज़ार नहीं पहुंच पाती थी। किसानों को अधिक भाड़ा भी देना पड़ता है। किसानों की उपज को अगर विदेश एक्सपोर्ट करना होता था, तो वो भी मुश्किल था। यूपी समंदर से बहुत दूर है, इसलिए उद्योगों के लिए जो गैस और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट चाहिए, उन्हें भी ट्रकों में लाना पड़ता था। इन सारी चुनौतियों का हल, नए एयरपोर्ट और नए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में है। अब यूपी में बना सामान, यूपी के किसानों के फल-सब्जी, और ज्यादा आसानी से विदेशी बाजार तक पहुंच पाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार का निरंतर प्रयास है कि गरीब और किसान का जीवन आसान हो। वह योगी सरकार को बधाई देंगे कि उन्होंने नए पेराई सत्र के लिए गन्ने का मूल्य और बढ़ा दिया है। गन्ना किसान हो, गेहूं और धान किसान हो, सभी किसानों को पहले अपनी ही उपज का पैसा पाने के लिए लंबा इंतज़ार करना पड़ता था। लेकिन हमारी सरकार इस परिस्थिति से किसान को बाहर निकाल रही है। हमारी सरकार ने ये सुनिश्चित किया है मंडी में अनाज बेचने पर किसान का पैसा सीधे किसान के बैंक अकाउंट में जाना चाहिए। डबल इंजन सरकार ने गन्ना किसानों से जुड़ी समस्याओं को भी लगातार कम करने का प्रयास किया है। गन्ना किसानों की जेब में ज्यादा से ज्यादा पैसे जाएं, इसके लिए हमारी सरकार इथेनॉल बनाने पर बल दे रही है। इस वजह से किसानों को हजारों करोड़ रुपए अतिरिक्त मिले हैं। उन्होने कहा कि किसानों का हित, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज सरकार हर किसान परिवार के इर्द गिर्द एक पूरा सुरक्षा कवच बना रही है। किसानों को सस्ती खाद मिलती रहे, इसके लिए बीते वर्षों में हमारी सरकार ने लाखों करोड़ रुपए खर्च किए हैं। दुनिया में आज यूरिया की जो बोरी तीन हज़ार रुपए तक की मिल रही है, भारत के किसानों को 300 रुपए से भी कम में मिल रही है। देश ने और एक महत्वपूर्ण काम किया है, नैनो यूरिया बनाया है। इससे एक बोरी खाद की शक्ति एक बोतल में समा गई है। इससे भी किसानों की लागत कम होगी, बचत होगी। सरकार ने करोड़ों किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के पौने तीन लाख करोड़ रुपए भी ट्रांसफर किए हैं। श्री मोदी ने कहा कि कृषि और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण में हमारे किसानों का योगदान हमेशा से अभूतपूर्व रहा है। सरकार सहकारिता के दायरे को भी लगातार बढ़ा रही है। पैक्स हों, कोऑपरेटिव सोसायटी हों, किसान उत्पाद संघ एफपीओ हों, इनको गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है। ये छोटे किसानों को बाजार की बड़ी ताकत बना रहे हैं। खरीद-बिक्री हो, लोन हो, कोई फूड प्रोसेसिंग उद्योग हो, एक्सपोर्ट हो, ऐसे हर काम के लिए किसानों की सहकारी संस्थानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार ने भंडारण की सुविधाओं के निर्माण के लिए दुनिया की सबसे बड़ी योजना शुरू की है। इसके तहत पूरे देश में कोल्ड स्टोरेज का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। उन्होने कहा ह्न हमारा प्रयास है कि खेती-किसानी को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाए। इसमें भी गांव में हमारी नारी शक्ति का माध्यम एक बहुत बड़ी ताकत बन सकता है और उस दिशा में हम काम कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू की है। इससे महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग दी जा रही, उन्हें ड्रोन दिए जा रहे हैं। भविष्य में, ये नमो ड्रोन दीदी, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खेती किसानी की बहुत बड़ी ताकत बनने जा रही हैं।ङ्क प्रधानमंत्री ने दावा किया कि किसानों के लिए जितना एनडीए सरकार ने काम किया है, उतना पहले किसी सरकार ने नहीं किया है। बीते 10 वर्षों में जन कल्याण की हर योजना का सीधा लाभ हमारे छोटे किसानों को मिला है। करोड़ों पक्के घर बने हैं, तो इनके बहुत बड़े लाभार्थी छोटे किसान और खेत मजदूर हैं। गांवों के करोड़ों घरों में पहली बार टॉयलेट बने हैं। पहली बार गांव के करोड़ों घरों में नल से जल पहुंचा है। इसका लाभ सबसे अधिक किसान परिवारों की मेरी माताओं-बहनों को ही तो मिला है। पहली बार किसानों और खेत मज़दूरों को भी पेंशन की सुविधा मिली है। उन्होने कहा ह्न मोदी की गारंटी है कि जल्द से जल्द देश के हर नागरिक को उसके लिए बनी सरकारी योजना का लाभ मिले। आज देश, मोदी की गारंटी को गारंटी पूरा होने की गारंटी मानता है। हमारा पूरा प्रयास है कि सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचे। इसलिए मोदी सैचुरेशन की गारंटी दे रहा है, शत-प्रतिशत की गारंटी दे रहा है। जब सरकार शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचती है तो किसी भेदभाव की गुंजाइश नहीं रह जाती। जब सरकार शत प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचती तो किसी भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी नहीं रह जाती और यही सच्चा सेकुलरिज्म है। उन्होने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक कोई गरीबी हटाओ का नारा देता रहा। कोई सामाजिक न्याय के नाम पर झूठ बोलता रहा। लेकिन देश के गरीबों ने देखा कि सिर्फ कुछ परिवारों के घर अमीरी आई, कुछ ही परिवारों की राजनीति फली-फूली। सामान्य गरीब, दलित, पिछड़ा तो अपराधियों और दंगों से सहमा हुआ था। लेकिन अब देश में स्थितियां बदल रही हैं। पीएम ने कहा मोदी चुनाव का बिगुल नहीं फू फूंकेंगे। मोदी तो विकास का बिगुल फूंकता रहता है। मोदी तो समाज के आखिरी व्यक्ति के कल्?याण के लिए बिगुल फूंकता रहता है। मोदी को न पहले जरूरत थी, न आज जरूरत है, न आगे जरूरत है, चुनाव के बिगुल फूंकने की। मोदी के लिए तो ये जनता-जनार्दन बिगुल फूंकती रहती है। और जब जनता-जनार्दन बिगुल फूंकती है, तो मोदी को अपना समय उस बिगुल को फूंकने में नहीं लगाना पड़ता। उसको तो अपना समय जनता-जनार्दन के चरणों में बैठ करके सेवा भाव से काम करने में उसका समय लगा रहता है।

## बड़े बहुमत के साथ...

पहुंचे है। तीन दिन पहले अयोध्या का अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय कार्यक्रम भारतवासियों और पूरी दुनिया ने देखा है। इस अद्भुत और अविस्मरणीय कार्यक्रम के बाद आज बुलंदशहर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। आज पौष पूर्णिमा भी है और इस अवसर पर प्रधानमंत्री के हाथों 21 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का उपहार भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले कोई सोचता था कि उत्तर प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज होगा। पहले तो मीटर गेज को ब्रॉड गेज करने में ही दिक्कत होती थी, पैसा ही नहीं मिलता था। आज चौथी रेलवे लाइन का भी लोकार्पण प्रधानमंत्री जी करने जा रहे हैं। फ्रेट कॉरिडोर के एक सेक्शन का उद्घाटन भी होने जा रहा है। इसके अलावा और भी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो रहा है। इसमें गरीबों के लिए आवासीय योजना हो, इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी फोर लेन, 6 लेन सड़कें हों, बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं हो, ये सभी नए भारत के अंदर बिना भेदभाव के मिलने वाली योजनाएं हैं जिनका लाभ लेकर आज हमारा भारत और उत्तर प्रदेश विकास की नित नई प्रतिमान स्थापित करके आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री जनरल डॉ वीके सिंह, मंत्री अरुण सक्सेना, सांसद महेश शर्मा, डॉ. भोला सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, सतपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह नागर एवं भाजपा के पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर 31 व्यक्तियों को जीवन रक्षा पदक

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गणतंत्र दिवस के मौके पर 31 व्यक्तियों को जीवन रक्षा पदक श्रंखला पुरस्कार- 2023 को मंजूरी दे दी है जिनमें तीन सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, सात उत्तम जीवन रक्षा पदक तथा 21 जीवन रक्षा पदक सम्मलित हैं। तीन व्यक्तियों को यह पुरस्कार मरणोपरांत प्रदान किया गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक पाने वालों में मास्टर एंथोनी वानमाविया (मरणोपरांत) मिज़ोरम,सुश्री मेलोडी लालरेमरूती (मरणोपरांत) मिज़ोरम, और श्री सूरज आर (मरणोपरांत) केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल शामिल हैं। उत्तम जीवन रक्षा पदक पाने वालों में सर्वश्री साहिल भीसु लाड, गोवा, सुश्री काजल कुमारी, झारखण्ड,नवीन कुमार डी, तेलंगाना, विनोद कुमार, सीमा सड़क संगठन, हवलदार शेरा राम, रक्षा मंत्रालय, मुकेश कुमार, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और नरेश कुमार, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण शामिल हैं। जीवन रक्षा पदक श्रंखला के पुरस्कार किसी व्यक्ति की जान बचाने में सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया जाता है।

